* ओड़िशा संस्करण

14 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 354

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

महालया की हार्दिक शुभकामनाएं



# कावेरी, राज रेसिडेंसी, कृष्णा इन और हॉट लिप्स में लजीज व्यंजन के साथ पूजा की स्पेशल डिश भी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में धूमधाम से दुर्गोत्सव की तैयारी की जा रही है। यहां दुर्गा पूजा में घूमने के लिए बड़ी संख्या में बाहर से लोग आते हैं। दुर्गा पूजा मेला घूमने आनेवाले लोगों के लिए खाने-पीने की बड़ी समस्या हो जाती है। उन्हें मालूम ही नहीं होता है कि कहां जायें और किस रेस्ट्रोरेंट में खायें, जहां लजीज व्यंजनों के साथ-साथ शुद्धता का भी ख्याल रखा जाता हो। ऐसे में शुद्ध और स्वादिष्ट खाना का ठौर ढूंढ़ना भी एक बड़ी समस्या हो जाती है। राजधानी रांची में नवरात्र के दिनों में व्रत में ऐसे-ऐसे पकवान बनाये जाते हैं, जिन्हें देख कर कोई भी अपने ऊपर काबू नहीं कर सकता। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि रांची में कौन सी ऐसी जगह है, जहां पर न केवल आपको व्रत वाला लजीज खाना मिलेगा बल्कि स्पेशल ऑफर भी मिलेंगे। अगर आप वेज खाने के शौकीन हैं तो आपके लिए कावेरी रेस्टोरेंट एकदम परफेक्ट है। इसके चार ब्रांच है जो मेन रोड स्थित जीएल चर्च कॉम्प्लेक्स, दूसरा लालपुर में तीसरा रातू रोड और चौथा कांके रोड में है। यहां पर कई सारे ऐसे रेस्तरां, है जहां पर आपको खाने की ऐसी ऐसी डिशेज परोसी जायेंगी जिन्हें खाकर अच्छा महसूस करेंगे। रातू रोड स्थित किशोरी यादव चौक के पास कृष्णा इन भी है। यहां पर आपको पनीर की स्पेशल डिश, आलू कढ़ाई, सिंघाड़ा, पूड़ी, बनाना और साबूदाना डिश के अलावा पपीते का हलवा भी शामिल है। इसके अलावा कचहरी चौक स्थित राज रेसिडेंसी और हॉट लिप्स में भी स्वादिष्ट डिश का लुत्फ उठा सकते है।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,100 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# पांच राज्यों की सत्ता की चाबी दलितों-आदिवासियों के पास

## ■ कुल 679 सीटों में से 270 हैं एससी और एसटी के लिए आरक्षित

## ■ इन सीटों का विजेता ही पांच साल तक हासिल करता है सत्ता सुख

## ■ इस बार सभी ने लगा रखा है जोर, लेकिन मतदाता अब तक हैं चुप

**पांच राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इन पांचों राज्यों का सियासी समीकरण बेहद दिलचस्प है। इन राज्यों में सत्ता की चाबी दलित यानी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के मतदाताओं के हाथों में है। दूसरे शब्दों में कहें, तो इन राज्यों में दलितों-आदिवासियों का वोट हासिल करनेवाला ही चुनावी सिकंदर बनता है। आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। 2018 में दलितों-आदिवासियों का विश्वास नहीं जीत पाने के चलते भाजपा को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि कांग्रेस में बगावत के कारण मध्यप्रदेश की सत्ता उसे मिल गयी। इसलिए इस बार के चुनावी रण में भाजपा और कांग्रेस का फोकस एससी-एसटी सीटों पर है, क्योंकि इसे सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की सीढ़ी माना जाता है। इन पांच राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 240 सीटें एसी-एसटी के लिए सुरक्षित हैं, जो करीब 35 फीसदी होती हैं। कांग्रेस ने पांच साल पहले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में दो-तिहाई एससी-एसटी सुरक्षित सीटों पर जीत का परचम फहरा कर भाजपा की उम्मीदों पर पारी फेर दिया था। इसी तरह तेलंगाना में केसीआर और मिजोरम में एमएनएफ ने करिश्मा दिखाया था। यही वजह है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में सत्ता का तिलिस्म इन्हीं सुरक्षित सीटों में छिपा है। क्या है इन राज्यों की सुरक्षित सीटों का तिलिस्म और वहां का परिदृश्य, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



देश के पांच राज्यों में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनावों में सभी सियासी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इन सियासी दलों को पता है कि इन पांच राज्यों में अगर दलितों और आदिवासियों को अपने पाले में कर लिया, तो सत्ता दूर नहीं। दरअसल पूर्व के चुनावी परिणाम बताते हैं कि जिस राज्य में राजनीतिक दल को दलितों और आदिवासियों का समर्थन मिला, सत्ता की चाबी उसके हिस्से आ लगी। 2013 के नतीजों पर नजर डालने से इस बात की पुष्टि होती है कि यह ट्रेंड सत्ता पाने के लिए बना रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि 2013 में सत्ता पाने वाली भाजपा ने 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में इस समुदाय का समर्थन खो दिया था। सियासी आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जिसने भी दलित और आदिवासी समुदाय को अपने पक्ष में कर लिया, तो राज्य में सत्ता एक तरह से उसी की हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक पांच राज्यों में विधानसभा की 679 सीटें हैं। इन सभी सीटों में 240 सीटें ऐसी हैं, जो दलित और आदिवासियों के लिए सुरक्षित सीटें हैं। आंकड़ों के मुताबिक पांचों राज्यों की तकरीबन 35 फीसदी सीटें आरक्षित कोटे में आती हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में इन सभी सुरक्षित सीटों पर तकरीबन दो तिहाई कब्जा कर कांग्रेस ने सत्ता की चाबी हासिल की थी। यही वजह है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में सभी राजनीतिक दलों का पूरा फोकस दलितों और आदिवासियों पर ही ज्यादा केंद्रित है, क्योंकि यही सुरक्षित सीटें विधानसभा के चुनाव की दशा और दिशा पूरी तरह से बदल देती हैं।

### राजस्थान में सुरक्षित सीटों पर जीत से मिलती है सत्ता

राजस्थान में कुल दो सौ विधानसभा की सीटें हैं। इसमें तकरीबन 30 फीसदी सीटें, यानी 59 सीटें सुरक्षित कैटेगरी में आती हैं। राजस्थान की आबादी में 17 फीसदी दलित और 13 फीसदी आदिवासी समुदाय के लोग हैं। इसी आधार पर 34 सीटें एससी और 25 सीटें एसटी कोटे में सुरक्षित हैं। 2013 के चुनावी परिणाम के मुताबिक भाजपा ने इन 59 सीटों में से 45 सीटें जीती थी, जबकि कांग्रेस को इन सुरक्षित सीटों में से महज सात सीटें ही हासिल हुई थीं। वहीं 2018 में कांग्रेस ने 59 सीटों में से 34 सीटों पर जीत दर्ज कर सत्ता पर कब्जा जमा लिया था, जबकि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ 21 सुरक्षित सीटें ही जीत सकी थी।

### दलितों-आदिवासियों के पास ही है छत्तीसगढ़ सत्ता की चाबी

छत्तीसगढ़ में तकरीबन 34 फीसदी आबादी आदिवासी समुदाय की है और 11 फीसदी आबादी दलित समुदाय से है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा की सीटों में 39 सीटें सुरक्षित हैं। यानी यहां की तकरीबन 40 फीसदी सीटें दलित और आदिवासियों के लिए हैं। इसमें 29 सीटें आदिवासियों के लिए और 10 सीटें दलितों के लिए सुरक्षित हैं। छत्तीसगढ़ के चुनावी आंकड़े बताते हैं कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इन 39 सीटों में से 33 सीटें जीत कर सत्ता पर कब्जा जमाया था, जबकि भाजपा को 39 में से महज छह सीटें ही हासिल हो पायी थीं। राजनीति के जानकारों की मानें, तो छत्तीसगढ़ में दलितों और आदिवासियों को अपने साथ जोड़ कर कांग्रेस ने तीन बार से लगातार सत्ता में बनी रहनेवाली भाजपा की सत्ता की चाबी छीन ली थी। भाजपा मुंह ताकती रह गयी।

### एमपी में मामा की सत्ता खिसक गयी थी

राजस्थान और छत्तीसगढ़ की तरह मध्यप्रदेश में भी सत्ता की चाबी दलितों और आदिवासियों के पास है। मध्यप्रदेश में 21 फीसदी आदिवासी और 16 फीसदी दलित आबादी है। यहां की 230 विधानसभा सीटों में दलितों और आदिवासियों के लिए 82 सीटें सुरक्षित हैं। इनमें 47 सीटें आदिवासियों के लिए और 35 सीटें दलितों के लिए सुरक्षित हैं। मध्यप्रदेश के भी आंकड़े बताते हैं कि दलित और आदिवासियों को जिसने अपने पाले में कर लिया, जीत उसकी ही हुई। 2013 के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा में 82 सुरक्षित सीटों में से 53 सीटें अपने खाते में करके मध्यप्रदेश में सत्ता बरकरार रखी थी, लेकिन 2018 आते-आते भाजपा के खाते से दलित और आदिवासी समुदाय के लोग खिसकने लगे। उसी साल हुए विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी राज्य की 82 सुरक्षित सीटों में से महज 25 सीटों पर ही अपनी जीत सुनिश्चित कर पायी। नतीजा यह हुआ कि 2018 के चुनाव परिणामों में भाजपा को जनता ने राज्य की सत्ता से बेदखल कर दिया था। मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि 2013 में कांग्रेस 82 में से महज 12 सीटें ही जीत सकी थी, लेकिन पांच साल में कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में अपना आंकड़ा 12 से बढ़ा कर 40 कर लिया और सत्ता पर कब्जा जमा लिया।

### तेलंगाना और मिजोरम में भी सत्ता की चाबी आदिवासी और दलितों के पास

राजनीति के जानकारों का मानना है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की तरह ही तेलंगाना और मिजोरम में भी आदिवासियों और दलितों के हाथों में सत्ता की चाबी रहती है। तेलंगाना की 30 फीसदी आबादी दलित और आदिवासी समुदाय से सीधे तौर पर ताल्लुक रखती है। यहां की 119 विधानसभा सीटों में 31 सीटें इन्हीं समुदाय के लिए रिजर्व रखी जाती हैं। इनमें 19 सीटें दलित समुदाय और 12 सीटें आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2018 में केसीआर ने ही इस समुदाय की सीटों पर कब्जा करके सत्ता को बरकरार रखा था। मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों में 39 आदिवासी समुदाय के हिस्से में आती हैं, जबकि एक सीट सामान्य श्रेणी में आती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 2018 में एमएनएफ इसी समुदाय की सीटों पर सबसे ज्यादा कब्जा कर सत्ता में पहुंचा था।

### इस बार सभी का फोकस इन सीटों पर

इसलिए इस बार भाजपा और कांग्रेस के अलावा दूसरे सभी दलों का फोकस इन सुरक्षित सीटों पर है। भाजपा जहां दलितों-आदिवासियों के लिए किये गये कामों के सहारे समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस जातीय जनगणना और आरक्षण जैसे मुद्दों पर लगातार आगे बढ़ रही है। बीआरएस और एमएनएफ भी अपने-अपने राज्यों में कुछ इसी तर्ज पर चुनावी रणनीति तैयार कर रहे हैं। इन सुरक्षित सीटों पर किसका सिक्का चलेगा, यह 3 दिसंबर को ही पता चलेगा।

---

## राजनीतिक हलचल

### क्या पायलट के उम्मीदवारों की लिस्ट को लेकर कांग्रेस में पेंच फंसा है



राजस्थान में भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस भी अक्टूबर के पहले सप्ताह तक अपनी सूची जारी करने का दावा कर रही थी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ। फिलहाल कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी नहीं कर पायी है। इस दौरान तारीख पर तारीख बढ़ती जा रही है। इससे साफ नहीं हो पा रहा है कि आखिर कांग्रेस कब तक अपनी लिस्ट जारी करेगी। इधर, कांग्रेस बड़े स्तर पर विधायक और मंत्रियों की टिकट काटने की जुगत में लगी है। इस बीच सचिन पायलट ने केसी वेणु गोपाल के साथ दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक को लेकर कांग्रेस की सियासत में चर्चाएं तेज हो गयी हैं। माना जा रहा है कि पायलट ने टिकट चयन के दौरान युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर पेच फंसा दिया है। इसके कारण कांग्रेस की लिस्ट में देरी हो रही है। कांग्रेस में सियासी मतभेदों को लेकर शुरू से इस बात की सम्भावनाएं थीं। माना जा रहा था कि जब भी उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी, उस समय एक बार फिर पार्टी में मतभेद देखने को मिल सकते हैं। यह डर कुछ सच साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है। सियासी गलियारों में इस बात को लेकर जम कर चर्चा है कि सचिन पायलट युवाओं और महिलाओं को टिकट देने की वकालत कर रहे हैं। इसी को लेकर मंथन में कांग्रेस हाइकमान उलझ कर रह गया है। वहीं पायलट चाहते हैं कि उनके समर्थकों के कम से कम टिकट काटे जायें।

---

## राजस्थान चुनाव के लिए भाजपा कितनी तैयार

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की रणनीति तकनीक, संवाद और बूथ मैनेजमेंट पर टिकी है। इनके इर्द-गिर्द ही भाजपा ने जीत का ताना-बाना बुना है। चुनावों की तारीखों की घोषणा से काफी पहले ही पार्टी ने इन तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया था। अब इसका उपयोग भी तेजी से किया जा रहा है। तारीखें घोषित होते ही पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी है। पीएम मोदी ने हाल ही में जयपुर, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर का दौरा किया। उन्होंने हर जगह संगठन और उसकी ताकत को महत्व दिया। मोदी के साथ रोड शो में भी सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ही नजर आये। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में सिर्फ कमल के फूल को ही सबसे ऊपर बताया। यह संदेश भी कार्यकर्ताओं को दिया है कि चुनाव में हमारा चेहरा कमल का फूल है।



### तकनीक: एक लाख व्हॉट्सएप ग्रुप्स बनाये

भाजपा ने चुनाव की घोषणा से एक साल पहले चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए एक लाख व्हॉट्सएप ग्रुप बनाये थे। इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा रहा है। इसके जरिये केंद्र की योजनाओं के साथ ही कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की खामियों को प्रचारित किया जा रहा है। प्रदेश कार्यालय में व्हॉट्सएप चैंबर बनाया गया है, जहां से इन ग्रुप्स को संचालित और मॉनिटर किया जाता है। ग्रुप्स बनाने का काम तीन महीने पहले ही पूरा हो गया था। आइटी सेल को भी मजबूती दी है, ताकि पूरे प्रदेश में डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी की जा सके।

### बूथ मैनेजमेंट: 51 हजार से ज्यादा बूथ अध्यक्ष

भाजपा ने 51 हजार से ज्यादा फोटो-युक्त बूथ अध्यक्ष बनाये हैं। देश में फोटो के साथ बूथ अध्यक्ष बनाने का यह पहला प्रयोग है। 51 हजार बूथ अध्यक्षों के फोटो प्रदेश कार्यालय में उपलब्ध हैं। भाजपा के कॉल सेंटर इनसे निरंतर संपर्क में रहते हैं। यह बूथ अध्यक्ष ज्यादा से ज्यादा मतदान की कोशिश करेंगे। साथ ही बूथ पर मौजूद व्यक्ति सिर्फ पार्टी को जानता है, किसी उम्मीदवार से लेना-देना नहीं है।

### संवाद: बाहर से आये विधायक पहुंचे हर विधानसभा में

आम जन से संवाद के लिए भाजपा ने इस बार नया प्रयोग किया है। उसने अन्य राज्यों के भाजपा सांसदों और विधायकों को हर विधानसभा क्षेत्र में भेजा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री से लेकर दूसरे प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों का राजस्थान आना शुरू हो गया है। 'आपणो राजस्थान' के नाम से सुझाव के लिए 51 रथ रवाना किये हैं, जो 200 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच कर आम लोगों की राय और सुझाव ले रहे हैं। इसे जनसंपर्क का एक तरीका बताया जा रहा है।

---

## राजस्थान चुनाव: दूसरी लिस्ट के बाद क्या संयम रख पायेंगी वसुंधरा

### टिकट कटने से नाराज नेताओं के लिए भाजपा का प्लान तैयार

राजस्थान में 25 नवंबर को होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची से नाम गायब होने से कई नेता नाराज हैं। इस लिस्ट में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के कई समर्थकों को भी टिकट नहीं मिला। हालांकि इस पर वसुंधरा राजे फिलहाल शांत और धैर्य बनाये हुए हैं। इधर राजस्थान की सियासत में सवाल उठने लगा है कि क्या पिछले साढ़े चार साल से मुख्यधारा में आने का इंतजार कर रही वसुंधरा राजे, दूसरी लिस्ट के बाद अपना संयम बरकरार रख पायेंगी।

### भाजपा के नाराज नेताओं को मनाने का दौर चालू

इन्हीं सवालों के बीच टिकट न मिलने से नाराज नेताओं को मनाने के लिए बीजेपी ने खास प्लान बनाया है। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने टिकट बंटवारे से उपजे सियासी विवाद को खत्म करने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। इन्हीं प्रयासों के तहत गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अजमेर का दौरा किया। संगठन महासचिव चंद्रशेखर झुंझुनू गये। प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर सांचौर में थी। जबकि, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने श्रीगंगानगर और पार्टी प्रभारी अरुण सिंह ने जयपुर में 'नाराज' नेताओं से बात की। शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता नाराज नेताओं के साथ बैठक करेंगे और चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। हाल ही में अरुण सिंह ने दो बार के सीएम और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के दामाद पूर्व विधायक नरपत सिंह राजवी के साथ बैठक की, ताकि उन्हें समझाया जा सके कि उनकी चिंताओं को आलाकमान तक पहुंचाया जायेगा और समाधान किया जायेगा।

14 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 354




**FLORENCE**
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

**PARADISE FURNITURES**
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15%OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE



Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100 7781014101, 7781014102

### वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 : सीएम ने मैस्कोर्ट और ट्रॉफी का किया अनावरण

# हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान हैं : हेमंत

- रांची की मेजबानी में 27 अक्टूबर से चैंपियनशिप का होगा आगाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। जब इस राज्य में हमारी सरकार बनी तो पूरा विश्व कोरोना संक्रमण की चपेट में जूझता रहा। हम सभी लोग डेढ़ वर्ष तक अपने घरों में बंद रहने पर मजबूर हुए, परंतु इस कड़ी में हमने अपनी सोच पर ताले बंद नहीं किये। हमारी सरकार ने राज्य को किस दिशा में लेकर जाना है, उसकी तस्वीर खींची। हमारी सरकार ने इस क्रम में एजुकेशन, हेल्थ आधारभूत संरचना, पर्यटन तथा खेल के विकास के लिए कार्य करने की पूरी योजना तैयार की। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ, तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के इवेंट मैस्कोर्ट 'जूही' और ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग मुकाम हासिल करें, इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो, उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनायी है। अगर हम क्रिकेट खेल की भी बात करें, तो महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 की शुरुआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आनेवाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।



### हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताया

हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नयी रोशनी फैलेगी। मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम एवं उनकी पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## पी20 समिट संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ : मोदी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गयी है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पी20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रहा है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैये का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा कि आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने लगभग 20 साल पहले भारत की संसद पर आतंकवादी हमला, भारत के चुनाव, संसदीय परंपरा आदि का जिक्र किया।

कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आयीं। 13-14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पी20 समिट में चार सेशन हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन को हाइकोर्ट से राहत नहीं

- इडी के समन के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इडी के समन के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइब्रिड मोड में हुई सुनवाई के दौरान सीएम की ओर से वरीय अधिवक्ता पी चिदंबरम, कपिल सिब्बल और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। इडी की ओर से एएसजी (एडिशनल सॉलिसिटर जनरल) एस वी राजू ने बहस की। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने सीएम हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज कर दिया।

**सीएन ने समन का पहले ही किया उल्लंघन, चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं: एएसजी :** हाइकोर्ट में सुनवाई के दौरान इडी ने कहा कि सीएम ने समन का पहले ही उल्लंघन किया है। वह इडी के किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में उनका समन को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती है। वहीं सीएम की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि सीएम के खिलाफ किसी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं है। ऐसे में उन्हें इडी द्वारा समन दिया जाना उचित नहीं है।

**एजेंसी को समन और बयान लेने का अधिकार : इडी :** इडी ने कहा कि प्रार्थी ने जो पीएमएलए एक्ट की धारा 50 और 60 को चुनौती दी है, उसे सुप्रीम कोर्ट विजय मदन लाल चौधरी के केस में डिसाइड कर चुका है। इसके तहत एजेंसी को समन और बयान लेने का अधिकार है। ऐसे में हाइकोर्ट इस मामले में कोई आदेश नहीं दे सकता है।

### अब सीएम के पास ये हैं विकल्प

झारखंड के वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के मुताबिक, अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास यह विकल्प है कि वह हाइकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। अगर इडी उन्हें अगला समन जारी करती है या उन्हें कोई ऐसा समन मिला है, जिसमें उन्हें हाजिर होने का निर्देश मिला हो, तो वह दोबारा उस समन के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। वहीं हाइकोर्ट के अधिवक्ता अभय मिश्रा के मुताबिक, सीएम को सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली है, लेकिन इडी अगर नया समन जारी कर सीएम को उपस्थित होने का निर्देश देती है तो वह उस समन को हाइकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।

### सीएम ने 23 सितंबर को हाइकोर्ट की ली थी शरण

बता दें कि हेमंत सोरेन ने इडी के समन के खिलाफ 23 सितंबर को हाइकोर्ट की शरण ली थी। मुख्यमंत्री ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर इडी की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया था। साथ ही सीएम ने याचिका में इडी की शक्तियों को भी चुनौती दी थी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट हाइकोर्ट में दाखिल होते ही राज्य सरकार की अस्थिरता का दौर प्रारंभ हो जायेगा : सरयू

## आयोग की रिपोर्ट में आलमगीर आलम को जिम्मेदार ठहराया गया है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में हुई नियुक्तियों में अनियमितता की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट हाइकोर्ट में दाखिल होते ही झारखंड सरकार की अस्थिरता का दौर आरंभ हो जायेगा। कारण कि इस मामले मे अन्य अभियुक्तों के साथ ही वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री जनाब आलमगीर आलम साहब, जो पहले विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं, के विरुद्ध भी सरकार कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य हो जायेगी, अन्यथा संभव है कि स्वतंत्र उच्च स्तरीय आपराधिक जांच का सामना इन्हें करना पड़े। जस्टिस विक्रमादित्य आयोग ने आइपीसी की विभिन्न धाराओं, यथा 120(अ), 166, 167, 196, 464 के तहत जिन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की है, उनमें विधानसभा के वर्तमान प्रभारी सचिव के साथ ही पूर्व विस अध्यक्ष और वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री भी शामिल हैं।



विधानसभा नियुक्तियों में गड़बड़ घोटाला का खुलासा मैंने 11 सितंबर 2007 को बोकारो में किया था और कहा था कि इस संबंध में सबूत की सीडी मेरे पास है। 12 सितंबर 2007 को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम साहब ने सीडी और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए मुझे पत्र लिखा। 13 सितंबर 2007 को तत्कालीन कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दुबे ने नियुक्ति घोटाला से संबंधित सीडी सार्वजनिक करने की मांग मुझसे की। तब मैंने सीडी सार्वजनिक कर दी। जांच के लिए राधाकृष्ण किशोर के सभापतित्व में विधानसभा समिति बनी। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो भी जांच समिति के सदस्य थे। समिति ने जांच प्रतिवेदन में घोटाले की जांच स्वतंत्र जाँच समिति से कराने का मंतव्य दिया। तबसे जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का जांच प्रतिवेदन 2018 में आने की जानकारी सभी को है। हाइकोर्ट ने जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने को गंभीरता से लिया है। सभा सचिव से अगले माह इसे प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मैं जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की अनुशंसा के बिंदुओं को संक्षेप में सार्वजनिक कर रहा हूं, जो निम्नवत हैं और प्रतिवेदन के अंतिम विचार बिंदु रिफरेन्स-30 का हिस्सा हैं।

# सीआइडी रांची हिंसा केस में नवाब चिश्ती और शकील से जेल में पूछताछ करेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआइडी (अपराध अनुसंधान विभाग) की टीम जेल में पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। सीआइडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गयी प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआइडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गयी। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़फोड़ की गयी। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गयी। उन पर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गयी। नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# दूसरे दिन भी एचइसी कर्मियों ने काम ठप किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बकाये वेतन की मांग और लाठीचार्ज के विरोध में एचइसी कर्मी दूसरे दिन शुक्रवार को भी सड़क पर उतरे। सभी कर्मियों ने मुख्यालय के सामने शांतिपूर्ण तरीके से बैठ कर काम ठप किया। हालांकि शुक्रवार को एचइसी कर्मियों ने रास्ता ब्लॉक नहीं किया। फाइनेंस और मार्केटिंग के कर्मियों को एचइसी मुख्यालय के अंदर जाने दिया जा रहा था। एचइसी प्रबंधन की ओर से दो दिन का समय मांगा गया है। सोमवार को प्रबंधन साफ करेगा कि एचइसी कर्मियों को कब तक और कितने दिनों का वेतन मिलेगा।

### एचइसी प्रबंधन ने वार्ता में यूनियन से तीन दिन का मांगा समय

बता दें कि एचइसी गेस्ट हाउस में 12 अक्टूबर को एचइसी प्रबंधन और यूनियन के बीच वार्ता हुई थी। इस वार्ता में यूनियन ने एक स्वर में मोड ऑफ पेमेंट की बात रखी। एचइसी प्रबंधन ने तीन दिन का समय मांगा। सोमवार को प्रबंधन साफ करेगा कि एचइसी कर्मियों को कब और कितने दिनों का वेतन मिलेगा। इस वार्ता में प्रबंधन की तरफ से पर्सनल डायरेक्टर प्रशांत और प्रोडक्शन डायरेक्टर दीपक दुबे उपस्थित थे। वहीं यूनियन की ओर से भवन सिंह, लालदेव सिंह, रामकुमार नायक, कृष्ण मोहन सिंह, राणा संग्राम सिंह, दिलीप सिंह, प्रकाश कुमार, हरेंद्र प्रसाद यादव, एमपी रामचंद्रन, विमल महली, संजय लाला, शेखर कुमार और त्रिपाठी मौजूद थे।

## पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई

# इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को इडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय देने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने इडी को अगली सुनवाई में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

**पंकज मिश्रा की जमानत याचिका कोर्ट ने की थी खारिज :** बता दें कि इससे पहले भी इसी केस में रांची इडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं। उन पर टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

### पिछले साल जुलाई में इडी ने पंकज को किया था गिरफ्तार

बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले साल जुलाई माह में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11I88 करोड़ भी जब्त की थी। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान 5I34 करोड़ नकद सहित कई दस्तावेज जब्त किये गये थे। इस तलाशी अभियान के दौरान इडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किये थे।

# हाइकोर्ट ने जल संसाधन विभाग को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को राज्य सरकार द्वारा बंद किये जाने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी की जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक साढ़े छह हजार करोड रुपये खर्च हो चुके हैं। जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर भी व्यवस्था कर दी गयी है, लेकिन इसी दौरान राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण ही बंद कर दिया। राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना का काम बंद करने का आदेश दिया था, जबकि इस योजना से हजारों लोगों का रोजगार सृजित होता। सिंचित भूमि के साथ-साथ पर्यटन दृष्टि से भी राज्य का विकास होना था, लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के कारण यह योजना अधर में है। ऐसे में अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं निर्माण करने वाली कंपनी दिलीप बिल्डकॉन की तरफ से अवगत कराया गया कि उनकी तरफ से जवाब दाखिल हो चुका है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 को होगी। प्रार्थी संतोष कुमार सोनी की तरफ से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की।

# मैकेनिकल थीम पर बनेगा कोकर दुर्गा पूजा पंडाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**





अध्यक्ष चंचल चटर्जी

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी इस बार भव्य पंडाल बनायेगी। दुर्गा पूजा की तैयारी चल रही है। बंगाल के कारीगर पंडाल निर्माण कर रहे हैं। कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने बताया कि मैकेनिक थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। थीम के अनुसार पंडाल के गेट पर हाथी सूंढ़ बनाया जायेगा। श्रद्धालुओं के पंडाल में प्रवेश करने से पहले आवाज के साथ हाथी का सूंढ़ ऊपर उठेगा और श्रद्धालु पंडाल के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मूर्ति का निर्माण भी कोलकाता के मूर्तिकारों की ओर से किया जा रहा है। मूर्ति 11 फीट ऊंची होगी। पंडाल के अंदर श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि विशेष लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। बाहर भी एक किलोमीटर से ज्यादा की लंबाई पर लाइटिंग से पूरा कोकर जगमगायेगा। चूना भट्ठा से लेकर हैदर अली तक लाइटिंग की जायेगी। चार बड़े गेट के अलावा कई और गेट बनाये जायेंगे।

**मूर्ति को दिया जा चुका है आकार :** बंगाल के कलाकारों द्वारा मां की प्रतिमा बनाने का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। मूर्ति का ढांचा तैयार कर उसे आकार दिया जा चुका है।

कोकर दुर्गा पूजा कमिटी के संयोजक राजू राम ने बताया कि आकर्षक विद्युत सज्जा, तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड और मां की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड तथा वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बजरंग वर्मा, रोहित सिंह और नमन भारतीय ने दी।

# नारा लगाना शिक्षक को गुजरा नागवार, गाली-गलौज की

## धार्मिक संगठनों ने किया विरोध, शिक्षण संस्थान में घुसकर की नारेबाजी

शिक्षक को हटाने की मांग पर अड़ा धार्मिक संगठन

इंस्टीट्यूट ने माफीनामा जारी करते हुए शिक्षक को संस्थान से निकाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड स्थित पंचवटी टावर के फिजिक्स वाला इंस्टीट्यूट में शुक्रवार दोपहर धार्मिक संगठनों के साथ मिल कर वहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। स्टूडेंट्स इंस्टीट्यूट के अंदर घुस कर धार्मिक नारेबाजी करने लगे। दरअसल, गुरुवार की शाम इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स क्लास के बाद निकल रहे थे।

इस दौरान कुछ दोस्तों के साथ वे धार्मिक नारा लगाते हुए निकल रहे थे। छात्रों का आरोप है कि इंस्टीट्यूट में ही पढ़ाने वाले दूसरे समुदाय के शिक्षक स्टूडेंट्स के साथ गाली-गलौज करने लगे।

बात बढ़ने के बाद शिक्षक द्वारा हिंदपीढ़ी से लड़कों को बुला कर मारपीट कराने की धमकी भी दी गयी। स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि शिक्षक द्वारा जाति सूचक गालियां भी दी गयी।

### संस्थान से शिक्षक को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद छात्र हुए शांत

इधर, इस घटना से नाराज स्टूडेंट्स ने शुक्रवार को धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर इंस्टीट्यूट व प्रबंधन पर धावा बोला। इंस्टीट्यूट पहुंचकर उन्होंने शिक्षक को संस्थान से हटाने की मांग की। प्रबंधन ने इस दौरान उन्हें समझाने की काफी कोशिश की। पर वे शांत नहीं हुए। मामले को बढ़ता देख पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शाम करीब पांच बचे इंस्टीट्यूट प्रबंधन ने माफीनामा जारी करते हुए स्टूडेंट्स से माफी मांगी। पत्र के माध्यम से ही प्रबंधन ने स्टूडेंट्स को जानकारी दी है कि उनकी मांग को पूरी करते हुए उक्त शिक्षक को संस्थान से निकाल दिया गया है। प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद स्टूडेंट्स व धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता शांत हुए।

# डॉ अजीत सहाय भगवा सेना के मुख्य संरक्षक बने



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भगवा सेना की एक अहम बैठक बिहार क्लब में की गयी। इसकी अध्यक्षता सेना प्रमुख अमित सोनी ने की। बैठक में मुख्य संरक्षक डॉ अजीत सहाय को बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी सौपी गयी है, उसका पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। भगवा सेना द्वारा इस पद की जिम्मेदारी देना और भी जवाबदेही भरा काम होगा। चुनौती के रूप में इसे लेते हुए भगवा सेना की भलाई के लिए काम करूंगा। उन्हें मुख्य संरक्षक बनने पर सेना प्रमुख अमित सोनी, संरक्षक मंजीत सिंह, मंटू सिंह, गौतम रीत राज, रवि कुमार पिंकु और जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष राहुल विश्वकर्मा, बंटी सोनी, आर्य सिंह, करण पाठक, रंजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह ने बधाई दी है।

# भाजपा नेत्री सीमा शर्मा पर ट्रस्ट बना कर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप

## मुख्यमंत्री और एसएसपी से की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री बाल दुर्गा पूजा समिति ने भाजपा नेत्री और हटिया विधानसभा से भाजपा की पूर्व प्रत्याशी सीमा शर्मा पर सरकारी भूमि को ट्रस्ट बना कर कब्जा करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर समिति ने मुख्यमंत्री, रांची एसएसपी, एसडीओ और धार्मिक न्यास बोर्ड से शिकायत की है। शिकायत में समिति द्वारा नॉर्थ ऑफिस पारा, गौरी शंकर नगर के खाता संख्या 203, प्लॉट नंबर 945, मौजा कडरु, अंचल अरगोड़ा, हल्का संख्या 3, कुल रकबा चार डिसमिल जमीन पर बने भव्य मनोकामना सिद्ध मंदिर पर भाजपा नेत्री सीमा शर्मा द्वारा कब्जे और दावे की जांच की मांग की गयी है।

**श्री बाल दुर्गा पूजा समिति ने शिकायत में कई सबूत किये संलग्न :** नॉर्थ ऑफिस पारा स्थित भूमि पर 1980-81 से धार्मिक त्योहारों का सार्वजनिक आयोजन किया जाता रहा है। 1998 से श्री बाल युवा दुर्गा पूजा समिति द्वारा सार्वजनिक दुर्गा पूजा, रामनवमी, महा शिवरात्रि सहित अन्य धार्मिक त्योहार और अनुष्ठान आयोजित किये जाते रहे हैं। इस भूमि परिसर मे मां दुर्गा, शिवजी और हनुमानजी की मूर्ति भी स्थापित की गयी है। श्री बाल युवा दुर्गा पूजा समिति ने शिकायत में 1998 में की गयी प्रारंभिक पूजा की फोटो, समिति के नाम से 2014 में बैंक ऑफ इंडिया, झारखंड उच्च न्यायालय शाखा की खाता संख्या 110001523 का प्रमाण पत्र, रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति रांची का प्रमाण पत्र, जिसमें समिति की 1998 से संबद्धता है और वर्ष 2021-22, 2022-23 का संबद्धता शुल्क के लिए जमा की गयी राशि की प्राप्ति रसीद, बिजली बिल और पूजा आयोजन से संबंधित सरकारी अधिकारियों के साथ किये गये पत्राचार संलग्न किये गये हैं।

**पंजी टू में समिति का दर्ज है नाम :** श्री बाल दुर्गा पूजा समिति ने कहा है कि उपरोक्त भूमि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संचिका संख्या 4/स। भु। रांची 1 मार्च 2011 और डीसी रांची के पत्रांक 819, 30 मार्च 2019 के आलोक में तीस वर्ष के लिए एक रुपया शुल्क पर लीज पर ली गयी है। झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद में बंदोबस्ती स्वीकृति के बाद पंजी में दर्ज की गयी है। यह प्रमाण भी दिया गया है।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व सीमा शर्मा पर धोखे से मंदिर की चाबी समिति से लेने का आरोप

मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के पूर्व झारखंड विस चुनाव 2014 के समय हटिया विधानसभा चुनाव क्षेत्र से सीमा शर्मा भाजपा प्रत्याशी थी, उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बाल दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों-सदस्यों से मुलाकात की और मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने की बात कह कर चुनाव में सहयोग मांगा। चुनाव के बाद सीमा शर्मा ने मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में बाल दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों का साथ दिया। समिति का आरोप है कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व सीमा शर्मा ने धोखे से मंदिर की चाबी समिति से ले ली और एक दिन मंदिर के अंदर मां जानकी ट्रस्ट के नाम शिलापट लगा दिया। इसमें दानदाताओं के नाम, रकम की सूची दर्ज थी। इसमें सीमा शर्मा का नाम मां जानकी ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में अंकित था। शिलापट में दर्ज सूची में दान दाता के रूप में सीमा शर्मा, उनके पति अनिल शर्मा, पुत्र आकाश भूषण के नाम एक लाख एक रुपया, भाई रमेश कुमार पांडेय एक लाख एक रुपया, अन्य भाई दिनेश कुमार 51 हजार रुपया, भाई मनोज पांडेय 51 हजार, भतीजा पुनीत कुमार 51 हजार, बहू अनामिका राज 51 हजार सहित अन्य के नाम दानदाताओं के रूप में अंकित किये गये। श्री बाल युवा दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने इसका विरोध किया। समिति के अनुसार तब सीमा शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब यह मंदिर मेरा है, इसका मालिकाना अधिकार मेरे द्वारा गठित मां जानकी ट्रस्ट का हो गया है। यहां के सभी कार्य मेरे आदेश से होंगे। साथ ही सीमा शर्मा द्वारा मंदिर परिसर, मनोकामना सिद्धि मंदिर प्रांगण में किसी भी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम करने के लिए मंदिर निर्माण समिति, मां जानकी ट्रस्ट की पूवार्नुमति आवश्यक है, का बोर्ड लगा दिया गया।

# बाबूलाल की संकल्प यात्रा 73 विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न, 28 अक्टूबर को रांची में महासभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से संकल्प यात्रा पर हैं। संथाल परगना के भोगनाडीह से निकली उनकी संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची में एक बड़ी जनसभा के साथ होगा। बाबूलाल मरांडी अब तक आठ चरण की यात्रा पूरी कर चुके हैं। संथाल से शुरू हुई उनकी संकल्प यात्रा 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों में सभा के साथ संपन्न हो चुकी है। नौवें और आखिरी चरण की यात्रा दुर्गापूजा के बाद इचागढ़ से शुरू होगी। बाबूलाल मरांडी 27 अक्टूबर को इचागढ़ और उसके बाद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सभा करेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को वह रांची पहुंचेंगे। यहां मोरहाबादी मैदान में बाबूलाल छह विधानसभा क्षेत्रों (रांची, खिजरी, कांके, हटिया, मांडर और तमाड़) की सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही 73 दिन की यात्रा के साथ बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा समाप्त हो जायेगी।



**08** चरण और 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों का बाबूलाल ने किया दौरा, सभाएं की

**27** अक्टूबर को सिल्ली और इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में होगी सभा

**27** अक्टूबर को आठ विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकलेंगे बाबूलाल मरांडी

**28** अक्टूबर को रांची में छह विधानसभा क्षेत्रों की संयुक्त सभा के साथ यात्रा का समापन

### संकल्प यात्रा में बाबूलाल के निशाने पर सिर्फ सीएम और सरकार

बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान अपनी सभाओं में राज्य सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके परिवार, राज्य के मंत्रियों और अफसरों को मुख्य रूप से निशाने पर रखा, लेकिन बाबूलाल का मुख्य टारगेट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। मुख्यमंत्री पर लगे जमीन घोटाले के आरोप, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर राज्य में खरीदी गयी जमीन, साहिबगंज का खनन घोटाला, मुख्यमंत्री को बार-बार इडी का समन जैसे मामले वह अपनी हर सभा में उठाते रहे। बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री, सरकार और भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों का नाम भी लिया। जनता को हेमंत सरकार को सत्ता से हटाने का संकल्प भी दिलाया। बाबूलाल की यह यात्रा कितनी सफल होती है, यह तो आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के परिणाम के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इतना तो है कि बाबूलाल ने इस यात्रा से भाजपा कार्यकर्ताओं में फिर अपनी पुरानी पकड़ बना ली है।

### बाबूलाल की यात्रा का यह है उद्देश्य

बाबूलाल मरांडी झारखंड के बड़े आदिवासी नेता हैं। भाजपा से अलग होने के बाद अपने दम पर झारखंड विकास मोर्चा बना कर उन्होंने भाजपा और राज्य के दूसरे दलों के सामने चुनावों में बड़ी चुनौती खड़ी कर यह बता दिया था कि झारखंड में उनका फेस वैल्यू कितना है। 14 साल बाद 2020 में उनकी भाजपा में वापसी हुई। जुलाई 2023 में उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और इसके अगले महीने ही वह संकल्प यात्रा पर निकल गये। संकल्प यात्रा का उद्देश्य जनता के बीच संदेश पहुंचाना था कि भाजपा की बागडोर अब प्रदेश में एक बड़े आदिवासी नेता के पास है। भाजपा को उम्मीद है कि इस यात्रा से राज्य के 28 आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीटों में भाजपा की दोबारा वापसी होगी।

# दुर्गोत्सव : मां के रूप को अंतिम आकार दे रहे मूर्तिकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे दुर्गोत्सव को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है। रांची में अधिकांश पूजा पंडाल षष्ठी के दिन खुल जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



**पुश्तैनी व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हैं राकेश :** थड़पखना में मूर्ति बना रहे मूर्तिकार रामचंद्र पाल के बेटे राकेश पाल ने बताया की यहां मूर्ति बनाने का काम उनका पुश्तैनी काम है और यह तीन पीढ़ियों से मूर्ति बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया की पिता के साथ वे और उनके बड़े भाई इस काम में यह कार्य बचपन से ही करते आ रहे है।

**राजधानी में आकर्षक थीम पर बन रहे पूजा पंडाल :** इस बार राजधानी के लोगों को पूजा पंडाल की भव्यता अलग तरह से दिखेगी. अलग-अलग थीम पर पूजा पंडाल बनाने में जुटे कारीगर धार्मिक, सांस्कृतिक और झारखंड की परंपरा के साथ सामाजिक संदेश को देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में इस दौरान जहां गुजरात के श्री स्वामी नारायण मंदिर के साथ ज्योर्तिलिंग का दर्शन होगा। वहीं, रांची रेलवे स्टेशन के बगल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बकरी बाजार में महाभारत आधारित चक्रव्यूह देखने को मिलेगा। यदि बारिश खलल ना डाले तो इस बार की पूजा भी काफी मनभावन होगी।

**रांची ही नहीं, दूसरे जिलों के भी लिये जाते हैं ऑर्डर :** राकेश पाल बताते हैं कि मूर्तियों के निर्माण कार्य को लेकर कई समितियों से ऑर्डर मिला है। हालांकि कोई नया ऑर्डर नहीं मिला है। मगर इस वर्ष बेहतर होने की उम्मीद है। मूर्तिकार राकेश बताते हैं कि उनके और उनके पिता के द्वारा बनायी गयी मूर्तियां जिले के साथ-साथ जिले से बाहर भी जाती हैं।

# आज चतरा में पासवा का शिक्षक सम्मान समारोह

दो हजार शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है

उद्घाटन करेंगे सांसद धीरज साहू, मुख्य अतिथि होंगे डॉ रामेश्वर उरांव और सत्यानंद भोक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा चतरा में 14 अक्टूबर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है। समारोह में भाग लेने जा रहे झारखंड पासवा के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे का हजारीबाग के इचाक प्रखंड में स्थानीय पासवा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष विपीन कुमार, जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल के नेतृत्व में राजकुमार, सुनीता शर्मा, प्रियंका, पूजा गुप्ता, अवध सिंह, शंभू, दिलीप सहित पासवा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कुछ देर हजारीबाग में रुकने के उपरांत आलोक दुबे चतरा प्रस्थान कर गये। 14 अक्टूबर को चतरा कॉलेज चतरा मल्टीपरपस हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। दो हजार शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू समारोह का उद्घाटन करेंगे। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद मुख्य वक्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा भी मौजूद रहेंगी।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 29/SRF/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"जलवायु के अनुकूल कृषि पर राष्ट्रीय पहल"** (ईएपी-245) परियोजना के लिए एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **03.11.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशी आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **03.11.2023** for selection of **one (01) Senior Research Fellow** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"National Innovations in Climate Resilient Agriculture" (EAP-245).** The details regarding essential /desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# 19 नवंबर को आमया का झारखंडी मुसलमान और उनके संवैधानिक अधिकार विषय पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आमया संगठन द्वारा 19 नवंबर को झारखंडी मुसलमान और उनके संवैधानिक अधिकार विषय पर सेमिनार आयोजित करेगी। उक्त निर्णय शुक्रवार को पुंदाग स्थिति रोल मॉडल बैंक्वेट में आमया संगठन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि समाज को वोट बैंक बनने के बजाय राजनीति में समुचित भागीदारी आबादी के अनुपात में मिले इसकी कोशिश और समीकरण बनाना चाहिए, बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध लोगों को वक्त के साथ सोच बदलने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी को सत्ता में भागीदारी के साथ न्याय अधिकार और रोजगार मिल सके। आमया संगठन के केंद्रीय संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, केंद्रीय सचिव नौशाद आलम ने कहा कि समाज में हक-अधिकार के लिये जागरूकता के साथ सामाजिक मुद्दों पर संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए आमया संगठन का विस्तारीकरण किया जायेगा जिसमें नये लोगों को जिम्मेदारी दी जायेगी। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी एकराम हुसैन, हारीस आलम, आफताब आलम, अब्दुल गफ्फार, जावेद अंसारी, नसीम, अब्दुल बारी, फिरोज, बकरीद, अकरम अंसारी, सुल्तान अंसारी, शेख अयुब, मो सलमान सहित अन्य शामिल थे।

## राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में हेमंत सोरेन होंगे मुख्य अतिथि, कल्पना सोरेन होंगी विशिष्ट अतिथि



रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, महिला नेटवर्क की संयोजक-सह-राष्ट्रीय काउंसलर, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मेरीला मुर्मू, झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, गुमला जिला इकाई, की महिला नेटवर्क सचिव दयावती मिंज और झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, रांची के महासचिव योगेन्द्र तिवारी ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्य अतिथि और कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर जिले में चार-पांच नवंबर को आयोजित होनेवाले दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी ने 17-19 अक्टूबर तक बेथेग्राम, जंगलपुरा, गिरिडीह में आयोजित होनेवाले शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। सीएम से मुलाकात करनेवालों में पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट बिशप अनिल रेवेन, रेवेन जेसन मार्की और रेवेन आलोक कच्छप शामिल थे।

## झामुमो के महासचिव ने की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को देवघर और जामताड़ा जिला समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति के जरिये क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य और सुझावों पर चर्चा के बाद केंद्रीय महासचिव ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिये। साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार की ओर से जनहित में चलाये गये योजनाओं की जानकारी देने का निर्देश दिया।

# कैंसर देखभाल में एक नये अध्याय की तैयारी : टाटा ट्रस्ट्स

रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने गांठ पे ध्यान कार्यक्रम का किया शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हर साल अक्टूबर में पूरी दुनिया में स्तन कैंसर जागरूकता माह मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में टाटा ट्रस्ट्स ने रांची में गांठ पे ध्यान एक अनोखा कार्यक्रम को लांच किया है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। गांठ पे ध्यान कार्यक्रम दरअसल टाटा ट्रस्ट्स द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे है, जो कैसे का कैंसर अभियान का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य इस विषय पर जागरूकता फैलाना, खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना तथा जमीनी स्तर पर महिलाओं के बीच खुद से स्तन की जांच करने की अहमियत को बढ़ाकर स्तने कैंसर के प्रति सामुदायिक कार्रवाई को बढ़ाना है। इसके लिए इस विषय को भोजन में गांठ के व्यावहारिक उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। भारत में स्तन कैंसर से प्रभावित महिलाओं का अनुपात असमान रूप से ज्यादा है, तथा देश में स्तन कैंसर के पचास प्रतिशत से अधिक मामलों का पता इसके अंतिम चरण में चल पाता है। इस विषय पर जागरूकता की कमी के वजह से ही इसके डायग्नोसिस और इलाज में देर होती है। इसका अगर जल्दी पता न लगाया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। टाटा ट्रस्ट्स महिलाओं के साथ सीधे जुड़कर और उन्हें शुरूआती चरण में ही इसका पता लगाने इसके अहमियत के बारे में जानकारी देकर देश की ज्यादातर महिलाओं खास तौर पर ग्रामीण इलाकों की अधिकांश महिलाओं के लिए अपने परिवारों के लिए भोजन पकाना उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का सबसे अहम हिस्सा है। महिलाएं खाना पकाते समय हर चीज का बारिकी से ध्यान रखती हैं, और पकाये जाने वाले भोजन में गांठों को बनने से रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतती हैं। इसी बात से प्रेरित होकर गांठ पे ध्यान अभियान की शुरूआत की गई है। रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) में जमशेदपुर की प्रमुख शेफ और उद्यमी, प्रिया गुप्ता के साथ मिलकर गांठ पे ध्यान पहल का लांच कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें केवल स्थानीय समुदायों की महिलाएं ही मौजूद थी। इस दौरान परस्पर बातचीत पर आधारित पाककला प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इसमें शेफ गुप्ता ने त्योहारों के मौके पर बनाएं जाने वाले स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किये। पूरे प्रदर्शन के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि किस तरह भोजन तैयार करते समय गांठें किसी भी व्यंजन के स्वाद और बनावट को बर्बाद कर सकती हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि यही बात स्तन कैंसर की गांठों पर भी लागू होती है। यही उदाहरण गांठ पे ध्यान पहल का सबसे अहम हिस्सा बना। जिस तरह वे त्योहारों के मौके पर अपने पसंदीदा व्यंजनों में गांठों को रोकने पर ध्यान देती हैं।

प्रदर्शन की समाप्ति के बाद चार सौ से अधिक महिलाओं को आरसीएचआरसी सुविधा में ब्रेस्ट कैंसर की जांच का अवसर दिया गया। शेफ गुप्ता के साथ विवांता, डीएन स्क्वायर, भुवनेश्वर की शेफ लाएबा अशरफ भी शामिल हुई। दो शेफ के अलावा, डॉ. सुजाता मित्रा, निदेशक, मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल एवं एचओडी, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग, टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

# सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने कार्डिनल को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड एडवोकेट वेलफेयर सोसाईटी के तत्वावधान में आज न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर स्थित टेबल नंबर 70 में कार्डिनल तेलेस्फर पी टोप्पो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कार्डिनल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कार्डिनल तेलेस्फर पी टोप्पो के निधन को खासकर झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस अवसर झारखंड एडवोकेट वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष पीडी सिंह, सचिव भरत चन्द्र महतो, संयुक्त सचिव अजहर अहमद खान, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन ठाकुर, रेखा वर्मा, निरंजन राम, मृत्युंजय प्रसाद, बिजय कोईरी, विजय कुमार गुप्ता, एस के यादव, अलख कुमार, शीश आलम, अजय मिश्रा, जीपी एच एन विश्वकर्मा, फादर पीटर मार्टिन, एल एन महतो समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने पंडित मांगेराम शर्मा के निधन पर दुख जताया

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ और वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष पंडित मांगेराम शर्मा का गुड़गांव में निधन हो गया। निधन की खबर से ब्राह्मण समाज दुखी है। उन्होंने कहा कि पंडित मांगेराम शर्मा ने समाज के लिए वर्षों से देश विदेशों में भी बहुत कार्य किये है। शिक्षक रहते हुए 1991 में ग्लोबल टीचर्स कन्वेंशन में मनीला यूएनओ गये थे अमेरिका, लंदन, न्यू जर्सी, ओमान, सिंगापुर, बैंकॉक पोलैंड, कनाडा, हॉलैंड, मॉरीशस, अन्य देशों में जाकर उन्होंने विश्व ब्राह्मण संघ के कॉन्फ्रेंस में भाग लिया और समाज को आगे बढ़ाया। 1993 में डॉ शंकर दयाल शर्मा राष्ट्रपति ने भी पंडित मांगेराम शर्मा को सम्मानित किया। देश के अन्य हिस्सों में अलग-अलग राज्यों में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना पंडित मांगेराम शर्मा की देन है। इस अवसर पर हम सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

# जेसीआइ रांची के एक्सपो उत्सव के दूसरे दिन लोगों में भारी उत्साह

ऑटो जोन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची के द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2023 मोरहाबादी मैदान में 12-16 अक्टूबर तक लगा है। दूसरे दिन शुक्रवार को एक्सपो में लोगों की भारी भीड़ और उत्साह दिखा। एक्सपो में लोगों ने खरीदारी के साथ साथ स्वादिष्ट खाने और झूला का भी खूब आनंद उठाया।

इस वर्ष एक्सपो का 26वां वर्ष है और लोगों के बीच में उत्साह भी बहुत है। इस वर्ष 300 से अधिक स्टॉल लगा है और सभी में अच्छी भीड़ है। ऑटो जोन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां हर प्रकार की गाड़ी और मोटर बाइक उपलब्ध है। इस वर्ष इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक का भी स्टॉल है और लोग इलेक्ट्रिक गाड़ी की पूरी जानकारी ले रहे है। स्टार्टअप जोन में लोगों को कुछ नया देखने को मिल रहा है। इस दौरान कई स्कूल के बच्चे भी एक्सपो में घूमे और फिर एम्यूजमेंट पार्क में झूले का पूरा आनंद लिया। एक्सपो में स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए ट्रेनिंग का प्रोग्राम कराया गया। इसके स्पीकर जेसी कमलेश ठक्कर जो की जेसीआइ के नेशनल ट्रेनर हैं और आचार्य अमरेश झा ने बच्चों को मोटिवेट किया और भविष्य में कैसे बड़े काम को अंजाम दें सिखाया। इस ट्रेनिंग में अमिटी यूनिवर्सिटी, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, डीएवी नीरजा सहाय और डीएवी गांधीनगर के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। एक्सपो परिसर में डॉग शो और ट्रेजर हंट का भी आयोजन किया गया। उक्त जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी और जेसीआइ रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

# भारत जोड़ो अभियान ने नफरत की राजनीति के खिलाफ सद्भाव सम्मेलन आयोजित किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को रांची के करम टोली चौक स्थित रांची प्रेस क्लब में भारत जोड़ो अभियान की रांची इकाई ने नफरत की राजनीति के खिलाफ एक सद्भाव सम्मेलन का आयोजन किया। जुड़ेगा इंडिया जीतेगा भारत को आदर्श मानकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि के तौर पर कई राजनीतिक दलों, स्वयंसेवी संगठनों, लेखकों, चिंतकों, पत्रकारों, महिला और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न तबके का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रबुद्धजनों ने इस सम्मेलन में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन भारत जोड़ो अभियान के रांची लोकसभा इसके संयोजक नदीम खान और भारत जोड़ो अभियान की राज्य संयोजक बासवी कीड़ों की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में विषय प्रवेश सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर पाल और अलोका कुजूर संविधान की प्रस्तावना का पाठ भारत जोड़ो अभियान के सौरभ श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन शहरोज कमर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, जदयू के महासचिव श्रवण कुमार, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे, हरि सिंह, सीपीआइ के अजय सिंह और झारखंड मुक्ति मोर्चा के परमिंदर सिंह नामधारी, सामाजिक चिंतक सुधीर पाल पत्रकार कुमार विनोद, फादर टॉम फादर, महेंद्र पीटर तिग्गा, कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन की यशस्विनी सहाय, सामाजिक कार्यकर्ता हेमि गायकवाड आदि उपस्थित रहे।

# सीएम चाहे जितने दरवाजे खटखटा लें, उनको इडी के दरवाजे पर जाना ही होगा : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को इडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका रद्द होने के बाद प्रतिक्रिया जारी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे कितने भी दरवाजे खटखटा लें, अंततः उनको इडी के दरवाजे पर जाना ही होगा। वह सुप्रीम कोर्ट गये, कोई रिलीफ नहीं मिली। हाइकोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत इडी के समान के खिलाफ जिस तरह से भागते दिख रहे हैं, उससे क्लियर मैसेज जा रहा है कि इस प्रदेश में 70 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है और उसके तार सीधे तौर पर उनसे जुड़े हुए हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री इडी के समन को फेस करें। दुनिया की कोई भी एजेंसी किसी भी निर्दोष व्यक्ति को फंसा नहीं सकती।

# दुर्गापूजा आयोजन समिति के सदस्य मुख्य सचिव से मिले

पूजा के दौरान राजधानी में चलंत शौचालय, रात्रि विश्राम कक्ष और विशेष ट्रॉफिक व्यवस्था की मांग रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत के नेतृत्व में दुर्गा पूजा आयोजन समिति, श्री महावीर मंडल, रांची औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने प्रोजेक्ट भवन में झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात की। इस दौरान इन लोगों ने पांच सूत्री मांग पत्र भी उन्हें सौंपा। सदस्यों ने मांग की कि दुर्गापूजा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में भक्त राजधानी में घूमने आते हैं। इस दौरान उन्हें कई तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। सदस्यों ने मांग की कि दुर्गापूजा के समय प्रमुख जगहों पर चलंत शौचालय की व्यवस्था की जाये। कुछ ग्रामीण रात में यहीं रूक जाते हैं, इसलिए उन्हें रात्रि विश्राम करने के लिए जगह उपलब्ध करायी जाये, वहां सुरक्षा की भी व्यवस्था हो। जिन जगहों पर फ्लाई ओवर निर्माण हो रहा है, वहां बिजली की विशेष व्यवस्था के साथ-साथ सड़क पर बन गये गड्ढों को अविलंब भरवाया जाये। दुर्गापूजा के रौरान भारी गाड़ियों का परिचालन शहर में नहीं हो। पूजा घूम के लौटने के रास्तों पर विशेष टाइगर मोबाइल फोर्स की तैनाती की जाये। आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को चुनरी ओढ़ा कर और बुके देकर स्वागत भी किया। प्रतिनिधिमंडल में रामधन वर्मन, ललित ओझा, संजय जायसवाल, वेद सिंह, ओम सिंह, कैलाश केशरी, राहुल सिन्हा चंकी, अंकित वर्मा, जितेंद्र सिंह, करन पाठक आदि शामिल थे।

# जीपीएस और डीजीपीएस तकनीक पर चर्चा

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि रांची के भूगोल विभाग के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के भूगोल विभाग के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत थ्योरीज एंड एप्लीकेशन ऑफ स्टेट ऑफ द आर्ट जियोस्पेटिकल टेक्निक्स एंड टूल्स, विषय पर आधारित कार्यशाला में प्रतिभागियों को जीपीएस और डीजीपीएस के बारे में जानकारी दी गई। रिसोर्स पर्सन के तौर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के डॉ सुरजीत दत्ता ने जीपीएस की तकनीक और उसके प्रयोग के विषय में जानकारी दी। कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर के दूसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन के तौर पर विधान नंदा, सीएसएस जियो स्पेशियल, कोलकाता ने डीजीपीएस तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी। सत्र के दौरान विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के डॉ अभय कृष्ण सिंह, प्रो एनके महतो, सुरभि साहू एसटी बस्के, सत्यप्रिय, विवेक आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर में कोलकाता, रांची तथा ओडिशा से विशेषज्ञों के अलावा कई प्रतिभागी शामिल हो रहे है। इस कार्यशाला का 14 अक्टूबर को समापन होगा। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# मेडिकल-आइआइटी की मची है होड़

देश के एक प्रमुख कोचिंग हब के रूप में विकसित हो चुके राजस्थान के कोटा शहर में जिला प्रशासन के निर्देश पर कराये गये एक ताजा सर्वे ने इस बात की पुष्टि की है कि वहां बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स गंभीर अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों से जूझ रहे हैं। यह सर्वे इस साल अप्रैल से सितंबर महीने के बीच किया गया। ध्यान रहे, इसी अवधि में वहां से 19 स्टूडेंट्स की खुदकुशी की खबरें आयीं। इन्हें जोड़ लिया जाये तो इस साल खुदकुशी करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 25 हो जाती है। स्टूडेंट्स की खुदकुशी की बढ़ती संख्या को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने 2015 से इनका रिकॉर्ड रखना शुरू किया और उस समय से किसी भी एक साल में हुई यह सबसे ज्यादा खुदकुशी है। हालांकि यह सर्वे समस्या को मात्र समझने की नहीं, बल्कि उसे यथासंभव हल करने की कोशिशों का हिस्सा है। सर्वे के दौरान 83 ऐसे स्टूडेंट्स मिले, जो सीवियर डिप्रेशन के शिकार थे। दो स्टूडेंट्स को तो खुदकुशी के कगार पर पाया गया। वे खुद को नुकसान पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर चुके थे। इन सबको न केवल तत्काल काउंसिलिंग उपलब्ध करवायी गयी, बल्कि कोचिंग सेंटर और अभिभावकों को सूचित करके उन्हें राहत देने वाले आवश्यक कदम उठाये गये। इस तरह माना जा सकता है कि संभावित खुदकुशी के इन मामलों को समय रहते रोक लिया गया। लेकिन ये प्रयास काफी नहीं, यह बात इसी से स्पष्ट है कि जब यह सर्वे चल रहा था, तब भी स्टूडेंट्स की खुदकुशी की खबरें आ रही थीं। और यह तब था, जब खुदकुशी रोकने की अन्य कोशिशें भी साथ-साथ चल रही थीं। इनके तहत हॉस्टलों और पीजी सेंटरों के कमरों में स्प्रिंग वाले सीलिंग फैन लगाने और बालकनी में आत्महत्या-रोधी नेट लगवाने जैसे कदम उठाये गये। जैसा कि सर्वे रिपोर्ट से भी संकेत मिलता है, समस्या की जड़ कहीं और है। स्टूडेंट्स जब कोटा आते हैं, तो शुरू के एक-दो महीने शहर में घूमते हैं और मस्ती में समय बिताते हैं। मामला बिगड़ता तब है, जब कोचिंग की पढ़ाई अपनी पूरी रवानी पर आती है। रोज की पढ़ाई के साथ तालमेल न बिठा पाने और कॉम्पिटिशन में पीछे छूटने का एहसास घर-परिवार से दूर अकेले रह रहे इन टीनेजर्स के लिए भारी साबित होता है। कोटा में समस्या अपने सबसे गंभीर रूप में दिखती जरूर है, लेकिन इसका स्वरूप राष्ट्रीय है। आखिर सवा लाख सीटों के लिए 20-20 लाख स्टूडेंट्स अगर होड़ में रहेंगे, जैसा कि नीट में देखने को मिलता है, तो कॉम्पिटिशन के मारक स्वरूप का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। आखिर ऐसा क्यों है कि देश में मध्यमवर्गीय परिवारों को आज भी अपने बच्चों का करियर उनके मेडिकल या आइआइटी निकालने में ही सफल होता दिखायी देता है? जब तक इस स्थिति को बदलने के कारगर प्रयास नहीं होंगे, तब तक सेफ्टी नेट, स्प्रिंग वाले पंखे और काउंसिलिंग जैसे कदम हमें सीमित नतीजे ही देंगे।

**मामला बिगड़ता तब है, जब कोचिंग की पढ़ाई अपनी पूरी रवानी पर आती है। रोज की पढ़ाई के साथ तालमेल न बिठा पाने और कॉम्पिटिशन में पीछे छूटने का एहसास घर-परिवार से दूर अकेले रह रहे इन टीनेजर्स के लिए भारी साबित होता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकसभा चुनावों के पूर्व यही विधानसभा चुनाव हैं और इसके परिणाम कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण होंगे। कुल 16 करोड़ 14 लाख मतदाताओं, 679 विधानसभा सीटों तथा 83 लोकसभा स्थानों का महत्व समझना कठिन नहीं है। इन चुनावों के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुला कर महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में आरक्षण के लिए नारी सम्मान वंदन कानून बना दिया है।**

# 5 राज्यों के चुनाव को कैसे देखें

अवधेश कुमार

चुनाव आयोग ने भले 5 राज्यों के विधानसभाओं की औपचारिक घोषणा अब की है, देश पहले से ही चुनावी मोड में है। काफी समय से पूरी राजनीति की रणनीति 2024 लोकसभा चुनाव के इर्द-गिर्द बनायी जा रही है। लोकसभा चुनावों के पूर्व यही विधानसभा चुनाव हैं और इसके परिणाम कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण होंगे। कुल 16 करोड़ 14 लाख मतदाताओं, 679 विधानसभा सीटों तथा 83 लोकसभा स्थानों का महत्व समझना कठिन नहीं है। इन चुनावों के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुला कर महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में आरक्षण के लिए नारी सम्मान वंदन कानून बना दिया है। इन चुनावों में करीब 7 करोड़ 80 लाख महिला मतदाता हैं। अब यह पता चलेगा कि महिलाओं को आरक्षण देने से यह चुनाव कितने प्रभावित होंगे। यह चुनाव भाजपा, कांग्रेस तथा क्षेत्रीय स्तर पर बीआरएस यानी भारत राष्ट्र समिति के लिए एक हद तक करो या मरो जैसा है।

कांग्रेस के लिए इनमें प्रदर्शन से आइएनडीआइए में राष्ट्रीय राजनीति यानी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उसकी हैसियत तय होगी। उसने अच्छा प्रदर्शन किया तो आइएनडीआइए का नेतृत्व हाथों में आ सकता है। अच्छा नहीं रहा तो आइएनडीआइए में नेतृत्व की दावेदारी तथा सीटों के तालमेल में कमजोर पायदान पर खड़ी रहेगी। भाजपा के लिए भी यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की 2 विधानसभा चुनावों में लगातार हार के बाद वह अगली पराजय का जोखिम नहीं ले सकती।

**पीएम मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है, उनके प्रति कार्यकर्ताओं-समर्थकों का विश्वास भी है।**

यद्यपि 2018 में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान विधानसभा चुनावों में पराजय के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इन राज्यों में एकपक्षीय जीत दर्ज की थी, किंतु लगातार पराजयों से पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं में निराशा पैदा होगी तथा विपक्ष मनोवैज्ञानिक लाभ उठा सकता है। प्रश्न है कि क्या इन चुनाव में पार्टियां अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप परिणाम लाने में सफल होंगी? चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी हमेशा जोखिम भरी होती है, इसलिए इससे बचना चाहिए। हालांकि पिछले चुनावों के प्रदर्शनों, वर्तमान स्थिति, उम्मीदवार तथा मुद्दों के आधार पर कुछ आकलन कर सकते हैं।




**हिंदुत्व, राष्ट्रवाद या विचारधारा निश्चित रूप से भाजपा के अंदर असंतोष और गुस्सा होते हुए भी कार्यकर्ताओं-समर्थकों को विद्रोही होने से बचाता है, लेकिन एक समय के बाद लोगों का धैर्य टूटता है। जनता के अंदर किसी राज्य में भाजपा के विरुद्ध व्यापक गुस्सा नहीं है।**

मध्यप्रदेश में 2018 चुनाव के बाद कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी, जो 15 महीने बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों के विद्रोह से खत्म हो गयी, किंतु कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था। उसे 114 और भाजपा को 109 स्थान मिले थे। भाजपा को कांग्रेस से 47 हजार 827 मत भी ज्यादा मिले थे। भाजपा को 41.02 प्रतिशत तो कांग्रेस को 40.9 प्रतिशत मत मिले थे। यह विचार करने वाली बात है कि 15 सालों के सत्ता विरोधी रुझान, पार्टी के अंदर शिवराज सिंह चौहान के प्रति थोड़ा-बहुत असंतोष तथा अनेक विरोधी मुद्दों के बावजूद अगर भाजपा बुरी तरह पराजित नहीं हुई तो क्या 2023 में स्थिति उससे ज्यादा खराब है।

राजस्थान में भी कांग्रेस बहुमत से पीछे 99 पर अटक गयी थी तथा भाजपा को 73 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 39.30 प्रतिशत तो भाजपा 38.08 प्रतिशत मत पायी थी। दोनों के बीच केवल 1 लाख 77 हजार 699 मतों का ही अंतर था। हां, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने भाजपा को बुरी तरह पराजित किया था। 90 विधानसभा सीटों में कांग्रेस को 68 तथा भाजपा को 15 सीटें मिली थीं। कांग्रेस के 43.04 प्रतिशत वोटों के मुकाबले भाजपा के 33 प्रतिशत वोट आये थे। यानी 13 प्रतिशत से ज्यादा का अंतर था। तेलंगाना के 119 सीटों में तत्कालीन टीआरएस और वर्तमान बीआरएस ने 88, कांग्रेस ने 19 और भाजपा ने एक तथा एआइएमआइएम ने 7 सीटें प्राप्त की थीं। जाहिर है भाजपा की स्थिति यहां काफी बुरी थी। मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट ने 26, कांग्रेस ने 5, भाजपा ने एक तथा अन्य ने 8 सीटें जीती थीं। किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के पहले जरा चार महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव परिणामों को भी देख लीजिए।

मध्यप्रदेश के 29 में से भाजपा ने 28 तो कांग्रेस ने एक तो राजस्थान के 25 में से भाजपा ने 24 सीटें जीतीं और कांग्रेस एक स्थान भी जीत नहीं पायी, एक सीट आरएलपी को गयी। छत्तीसगढ़ के 11 में से भाजपा ने 9, कांग्रेस ने 2 सीटें जीतीं। जिस तेलंगाना में भाजपा का केवल एक विधायक जीता वहां लोकसभा में उसके चार सांसद जीते, कांग्रेस के तीन और बीआरएस के 9, एमआइएम का एक सांसद जीता। मिजोरम की एक सीट एमएनएफ के खाते में गयी। मतों के अनुसार देखें तो राजस्थान में भाजपा को 58.47 प्रतिशत, जबकि कांग्रेस को 34.24 प्रतिशत मत मिले। यानी 24 प्रतिशत मतों की खायी। मध्यप्रदेश में भाजपा को 58 प्रतिशत और कांग्रेस को 32.50 प्रतिशत मत आया। यानी 26 प्रतिशत का अंतर है।

छत्तीसगढ़ में भी भाजपा को 50.7 प्रतिशत एवं कांग्रेस को 40.90 प्रतिशत मत मिले। लगभग 10 प्रतिशत से भाजपा आगे है। तेलंगाना में लोकसभा चुनाव में बीआरएस ने 41.2 प्रतिशत, कांग्रेस ने 29.4 8 प्रतिशत तो भाजपा ने 19.45 प्रतिशत वोट पाये। यानी विधानसभा चुनाव के परिणाम मिजोरम को छोड़ 4 राज्यों में उसी अनुरूप लोकसभा में नहीं रहे। यह सच है कि इस समय भाजपा के समर्थकों और कार्यकत्राओं में अपने राज्य सरकारों और वहां के नेतृत्व के विरुद्ध असंतोष एवं गुस्सा है, क्योंकि शासन में उनकी व्यापक अनदेखी हुई है।

हिंदुत्व, राष्ट्रवाद या विचारधारा निश्चित रूप से भाजपा के अंदर असंतोष और गुस्सा होते हुए भी कार्यकर्ताओं-समर्थकों को विद्रोही होने से बचाता है, लेकिन एक समय के बाद लोगों का धैर्य टूटता है। जनता के अंदर किसी राज्य में भाजपा के विरुद्ध व्यापक गुस्सा नहीं है। किंतु कार्यकर्ता और समर्थक पार्टी के लिए काम नहीं करेंगे या विरोध में चले जायेंगे तो विजय मुश्किल है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है, उनके प्रति कार्यकर्ताओं-समर्थकों का विश्वास भी है। किंतु वे जताना चाहते हैं कि राज्यों के नेता उनके विचारों और नीतियों के अनुरूप संगठन और सरकार का संचालन नहीं करते। इस दृष्टि से देखें तो कांग्रेस के पास विजय का अवसर है।

## जमशेदपुर की खबरें

### जी टाउन क्लब के 30 स्थायी कर्मचारियों के लिए बोनस पर हस्ताक्षर, कर्मचारियों में हर्ष



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** दुगार्पूजा के पूर्व शहर के बिस्टुपुर जी टाउन क्लब के 30 स्थाई कर्मचारियों के लिए बोनस पर समझौता किया गया। शुक्रवार को प्रबंधन और यूनियन के बीच बोनस समझौते में अधिकतम 43373 रुपये और न्यूनतम 25289 रुपये बोनस के राशि कर्मचारियों के खाते में सोमवार को भेज दी जायेगी। जी टाउन क्लब के कुल 30 स्थाई कर्मचारियों के बीच 17.25 लाख रुपये बोनस की राशि का वितरण किया जायेगा। यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कहा इस वर्ष बेहतर बोनस समझौता हुआ है। बोनस फामूर्ला के आधार पर 14.49 लाख रुपये ही बोनस के तौर पर हो रहा था। यूनियन के आग्रह पर प्रबंधन ने वृद्धि करते हुए 17.25 लाख रुपये बोनस के तौर लगभग 20 प्रतिशत बोनस कर्मचारियों को देने के लिए तैयार हुए। उन्होंने कहा बीते वर्ष की अपेक्षा कर्मचारियों को ज्यादा बोनस मिलेगा। मौके पर प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष विनित के शाह, महासचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष प्रणय सिन्हा, राजेश कुमार झा, कोषाध्यक्ष योगांता गुप्ता और यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, उपाध्यक्ष बीके डिंडा व महासचिव ददन सिंह ने हस्ताक्षर किये।

### अनियंत्रित कार की चपेट में आने से तीन बाइक क्षतिग्रस्त, जांच में जुटी पुलिस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना अंतर्गत खासमहल चौक के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी तीन बाइक को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार को घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। वही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच कर आगे की कार्रवाइ में जुट गई। बताया जा रहा है, घटना में किसी व्यक्ति को चोट नहीं लगी। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने कार चालक 19 वर्षीय आदित्य सिंह को पकड़ कर पुलिस को सौप कर क्षतिग्रस्त तीनो बाइक मरम्मत कराने की मांग की। मौके पर मौजुत प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कार तेजी से लोको कॉलोनी की ओर से निकल ने के दौरान सड़क किनारे खड़ी बाइक को रौंदते हुए प्रसाद होटल के बाहर रुक गई। उन्होंने ने बताया अगर कार बाइक से नही टकराती तो सीधा होटल में घुस कर बड़ा हांसदा होने की संभावना टल गया। फिलहाल घटना के दौरान पहुची पुलिस आगे की कार्रवाइ कर रही है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने जरूरतमंद के इलाज में दी एक लाख की सहयोग राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सच्चरित्र और सदाचारी होना पहली शर्त है। जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं। हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिये। लोकमंगल की कामना ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिये। शुक्रवार को इस उद्देश्य का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मानवता की मिसाल पेश की। विधायक ने परसुडीह विद्यासागर पल्ली के रहने वाली कुमकुम पोद्दार के बेटे की इलाज के लिए निजी वेतन से एक लाख की राशि का चेक सौंपकर आर्थिक सहयोग पहुचाया। बताया जारहा है कुमकुम पोद्दार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। उनके पुत्र का इलाज कोलकाता के एक अस्पताल में चल रहा। इसकी जानकारी मिलने पर विधायक ने परिवार से मुलाकात कर एक लाख का चेक सौप कर सहयोग पहुचाया। मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा क्षमता के अनुसार मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। क्षेत्रीय जनता की समस्याएं हमारी समस्या है। जनता की सभी समस्याओं का निदान करना प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया पानु मुर्मू, मुनमुन चक्रवर्ती ,मिथुन चक्रवर्ती, मानिक मलिक,शिबू ओझा, तरुण पाल सहित अन्य स्थानीय लोगों शामिल रहे।



# झामुमो जिला समिति ने सफाई कर्मियों को हक दिलाने के लिए डीएलसी कार्यालय में किया प्रदर्शन, मिला न्याय

**सरकार ने कहा संवेदक एम एस इंटरप्राइजेज ने 100 से ज्यादा जरूरतमंद सफाई कर्मियों को बोनस नही दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मजदूरों के शहर जमशेदपुर में झामुमो जिला समिति के द्वारा सफाई कर्मियों के हक की लड़ाई को लेकर लगातार प्रयासरथ है। शुक्रवार को जिला अध्यक्ष सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन के निर्देश पर झामुमो जिला समिति के एक प्रतिनिधि मंडल श्यामल सरकार ने नेतृत में डीएलसी कार्यालय में सफाई कर्मियों को हक दिलाने के लिए प्रदर्शन किया। मौके झामुमो के वरिष्ट नेता प्रमोद लाल शामिल रहे। मौके पर प्रमोद लाल ने बताया जुस्को के संवेदक एम एस इंटरप्राइजेज ने सैकड़ो सफाई कर्मियो का शोषण किया जा रहा है। जिसके खिलाफ झामुमो जिला समिति ने उप श्रमाआयुक्त कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया उप श्रमाआयुक्त कार्यालय में जुस्को के पदाधिकारी वह संवेदक के साथ बैठक की गयी। बैठक में उप श्रमाआयुक्त सफाई कर्मियों को अभिलंब बोनस व सभी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। प्रमोद लाल ने बताया राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में मजदूरों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा बोनस का भुगतान के साथ अन्य सुविधाएं जल्द उपलब्ध नहीं होने पर आगे झामुमो आंदोलन के लिए वाध्य होगी। मौके पर वरिष्ठ झामुमो नेता श्यामल सरकार ने कहा संवेदक एम एस इंटरप्राइजेज ने 100 से ज्यादा जरूरतमंद सफाई कर्मियों को बोनस नही दिया। साथ ही काम के लिए सबसे जरुरी पी पी इ भी इन्हे उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा। झामुमो जिला समिति के नेतृत्व मे उपश्रमाआयुक्त के पास न्याय की गुहार लगायी गयी। त्रिपक्षी वार्ता में डीएलसी ने अभिलंब बोनस उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया। मौके पर डीएलसी ने सफाई कर्मियों को न्याय मिलने पर उन्होंने बधाई देते हुए डीएलसी के प्रति आभार व्यक्ति की। इस अवसर पर सैकड़ो सफाई कर्मी शामिल रहे।

### अनियमितता और गंदगी मिलने पर नमूना जब्त कर जांच के लिए भेजा प्रयोगशाला



**गम्हारिया (आजाद सिपाही)।** दुगार्पूजा के पूर्व खाद्य विभाग ने मिटाई में मिलावट को लेकर अभियान चलाया। विभाग ने अभियान के दौरान गम्हारिया के कई मिठाई दुकानों का जांच की। साथ ही टीम ने गम्हारिया स्थित रिलायंस स्टोर, श्याम स्वीट्स, बंगाल स्वीट्स और अशोक स्टोर से सैंपल इकट्ठा की।मौके पर श्याम स्वीट्स में भारी अनियमितता व गंदगी पाए जाने पर खाना बनाने में प्रयुक्त हल्दी, मिर्ची, खोवा पेड़ा, रसगुल्ला का नमूना जब्त कर जाँच के लिए रांची स्थित राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही बंगाल स्वीट्स से खोवा व बूँदी का नमूना संग्रहित किया गया। वहीं अशोक स्टोर से बिना एफएसएसएआई मानक वाले दिलीप कश्मीरी मिर्च,रंग काट नामक केमिकल जो होटेलों में चीनी साफ करने एवं मिठाइयों में प्रयोग किया जाता व एक्सपायर तेल को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त सावित्री घी व सूजी का नमूना संग्रहित किया गया। टीम ने रिलायंस स्टोर से बेसन, सत्तू, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए भेज दिया।

**अभय सिंह को मिली जमानत, प्रदेश प्रवक्ता ने दी बधाई**

### साजिश रच कर प्रताड़ित करनेवालों को जनता देगी जवाब : कुणाल





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिलाध्यक्ष और धनबाद जिला प्रभारी अभय सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर नेता और कार्यकर्ताओं में हर्ष है। शुक्रवार को भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने उन्हें बधाई देते उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा सत्यमेव जयते। उन्होंने कहा सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं। अभय सिंह को साजिश के तहत जेल भेजकर प्रताड़ित करने वालों का समय आने पर जनता जबाब देगी। छह महीने के लंबे संघर्ष के बाद अभय सिंह को न्याय मिली है। इससे दशार्ता है झूठ कितना ही बलवान क्यों ना हो सत्य के सामने अधिक समय तक टिक नही सकती। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा हमें न्यायालय पर पूर्ण विश्वास था अभय सिंह को न्याय मिलेगी।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम जागरूकता का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम जागरूकता के अवसर पर विशेष शिविर तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में कराया गया । महाविद्यालय में एन सी डी सेल सदर अस्पताल गढ़वा से आए हुए।कुमार संजीव शरण (साइकोलॉजिस्ट एन टी सी पी), विनय कुमार शर्मा (सोशल वर्कर, एनटीसीपी) और राजकुमार वर्मा (काउंसलर, एन सी डी) थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे महाविद्यालय के एन एस एस पदाधिकारी प्रो. अनीता तूफानी, प्राचार्या डॉक्टर संयुक्ता सिंह, प्रो. अशोक पाठक, प्रो एस एन राय, डॉ शीशम साहू, डॉ सुनीता सिंह डॉ कविता, नीता सिंह, प्रो सुनील पाल, आभा मुखर्जी, रामाशंकर सिंह, प्रो ज्योति सिंह, प्रो ललिता देवी, प्रो विभा रानी, प्रो नेहा सिंह और सभी छात्राएं उपस्थित थे।

# डायरिया पीड़ितों की संख्या में बढ़त होने से ग्रामीणों में हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** कांडी प्रखंड क्षेत्र के मझिगांवा गांव में शुक्रवार को डायरिया बिमारी से पीड़ितों की संख्या में बढ़त होने की वजह से ग्रामीणों में काफी हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस बिमारी के चपेट में आने के बाद पिड़ित व्यक्तियो को गांव में या नजदीक में स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के अभाव में मझिआंव स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल गढ़वा तक जान बचाने को लेकर जाना पड़ रहा है। ऐसे स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के एएनएम हन्ना तिर्की व एमपी डब्लू विकास कुमार तथा अशोक राम के द्वारा शुक्रवार को पहुंच कर पिड़ित व्यक्तियो का उपचार किया गया। जबकि नवडीहवा टोले के रामजी पासवान उम्र 62 वर्ष पिता डोमन पासवान की डायरीया से हालात बिगडने पर आननफानन में रात्रि में ही मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जबकि बबुराहा टोला निवासी रीना देवी उम्र 30 वर्ष पति सूरज पासवान व चांदनी कुमारी उम्र 13 वर्ष पिता सुरज पासवान दोनों पीड़ितों को जांच में आयी टीम से हालत नही सुधरने पर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पर भेजा गया। ऐसे में ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र मझिगांवा की एएनएम हन्ना तिर्की व प्रभारी डॉ रंजन कुमार दास को मंगलवार को ही डायरिया बिमारी से पिड़ित होने की सूचना दिया गया था। लेकिन समय से सूचना देने के बावजूद भी प्रभारियों व कर्मियों की लापरवाही की वजह से बिमारी दिन प्रतिदिन बढता ही जा रहा है।



डायरिया से पीड़ित लोगों के घर का निरीक्षण करती स्वास्थ्य टीम

**मुखिया रीता देवी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों से बात कर ब्लीचिंग पाउडर और डीडीटी के छिड़काव हेतु एक बोडे की मांग किया गया था परंतु स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा महज एक किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस तरीका से कर्मियों का घोर लापरवाही लग रहा है।**

दूसरी तरफ इस गांव के डायरिया से पीड़ित रोगी को रांची रिम्स अस्पताल तक भी जाने की नौबत आ चुकी है। इस बिमारी पर चिकित्सकों के द्वारा अगर काबू नहीं पाया गया तब आनेवाले दिनो मे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।

# खेलो इंडिया एथलेटिक्स सेंटर के लिए चयन ट्रायल 15 अक्टूबर को

**चयन प्रतियोगिता में : दौड़, वर्टिकल जंप, स्टैंडिंग बॉड जंप, शरीर की ऊंचाई, वजन, मेडिसिन बॉल थ्रो, गोला फेक, सटल दौड़ इत्यादि शारीरिक परीक्षण लिए जायेंगे।**

**चयन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बालक और बालिका का आयु वर्ग निर्धारित है:**
(क)बालक 10 से 14 अंडर वर्ष (ख) बालिका 10 से 14 अंडर वर्ष। दोनों वर्ग में 15/15 बालक/बालिका का अंतिम रूप से चयन किया जायेगा।

**प्रतिभागियों को दिनांक 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 8:30 बजे राम साहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में रिपोर्ट करना होगा, तथा फॉर्म रजिस्ट्रेशन के उपरांत सभी प्रतिभागियों का चयन परीक्षण लिया जायेगा।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** दिनांक 15/10/2023 को राम साहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में जिला खेल कार्यालय गढ़वा के द्वारा खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जायेगा, जिसमें खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट का परीक्षण किया जायेगा तथा उत्तीर्ण होने वाले खिलाड़ियों को खेलो इंडिया स्कीम के तहत एथलेटिक्स खेल प्रशिक्षण केंद्र में नामांकित करते हुए, उन सभी को विभाग द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित कराया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण का आयोजन अस्थल राम साहू आउटडोर स्टेडियम को ही चुना गया है, जिसमें प्रारंभिक चयन के उपरांत प्रशिक्षु प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण केंद्र डे बोर्डिंग की तरह संचालित किया जायेगा, जिसमें बच्चे निर्धारित समय पर प्रतिदिन प्रैक्टिस के लिए आयेंगे और अपने घर वापस चले जायेंगे, वैसे खिलाड़ी जो प्रशिक्षण केंद्र के 5 किलोमीटर अंदर के रेडियस के होंगे उनको प्राथमिकता दी जायेगी। चयन प्रतियोगिता में : दौड़, वर्टिकल जंप, स्टैंडिंग बॉड जंप, शरीर की ऊंचाई, वजन, मेडिसिन बॉल थ्रो, गोला फेक, सटल दौड़ इत्यादि शारीरिक परीक्षण लिए जायेंगे। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा बहुउद्देशीय खेल योजना (खेलो इंडिया) के अंतर्गत खिलाड़ियों को खेल की सुविधा एवं प्रतिवर्ष खेल कीट, ट्रैक सूट, जूता इत्यागी खेल सामग्री उपलब्ध करायें जायेंगे। प्रतिभागियों को दिनांक 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 8:30 बजे राम साहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में रिपोर्ट करना होगा, तथा फॉर्म रजिस्ट्रेशन के उपरांत सभी प्रतिभागियों का चयन परीक्षण लिया जायेगा। किसी भी जानकारी के लिए विभागीय एथलेटिक्स पर शिक्षक रमाशंकर सिंह के मोबाइल नंबर 9122185661 पर संपर्क किया जा सकता है।

## झायुमो नेताओं ने नव पदस्थापित पदाधिकारियों का किया स्वागत



मेराल (आजाद सिपाही)। नव गठित झामुमो युवा मोर्चा नेताओं ने प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा के नेतृत्व में नव पदस्थापित बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक को बुके देकर स्वागत करते हुए औपचारिक मुलाकात की। इसके बाद नेताओं ने थाना प्रभारी नीतीश कुमार तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से भी मुलाकात की। पदाधिकारीयों से मुलाकात कर झायुमो नेताओं ने प्रखंड की समस्याओं का समाधान एवं क्षेत्र के विकास को लेकर विचार विमर्श किया। मौके पर झायुमो सचिव अभिषेक मेहता, उपाध्यक्ष अजीज अंसारी, कोषाध्यक्ष रियाज अंसारी, विपुल तिवारी, गोंदा मुखिया पति सुरेंद्र गोस्वामी, मेराल पश्चिमी मुखिया पति मुन्ना राम, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी सुनील बैठा सामिल थे।

## रामलीला नाटक मंचन का हुआ शुभारंभ



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चुंदी गांव में गुरुवार की शाम में रामलीला नाटक मंचन का शुभारंभ मुखिया प्रत्याशी सह समाजसेवी पूनम देवी, पूजा समिति अध्यक्ष संतोष साह, गुलाब चंद्र साह, रामप्यारे प्रजापति, अकलु साह, रामलीला प्रभारी शंभु यादव ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूनम देवी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के समय रामलीला मंचन की परंपरा सदियों से चली आ रही है। जिससे नई पीढ़ी को अपने संस्कृति एवं सभ्यता से जोड़ता हैं। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो को अपनाने की जरूरत है। वहीं पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष साह ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर पिछले 18 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि रामलीला अयोजन 12 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होगा।

## दशहरा और नवरात्र पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



भंडरिया गढ़वा (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना परिसर में दशहरा व नवरात्र पूजा को लेकर शांति समिति कि बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से भंडरिया अंचलाधिकारी शिवपुजन तिवारी, सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विजय किशोर रजक, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, बीससूत्री अध्यक्ष राजू घासी, मुखिया विनय सिंह ठाकुर प्रसाद महतो की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा के द्वारा किया गया। बैठक में सरकार के द्वारा दिये गये गाइडलाइंस को बताया गया। जिसमें बैठक में मुख्य रूप से मुखिया महेश्वर सिंह, वाजुदिन अंसारी, बीडीसी महेश यादव रवी कश्यप, विनोद गुप्ता, भागीरथी महतो, देवसागर दिक्षित, फिदा हुसैन, विक्रम घांसी, बैजनाथ साह आदि समेत दर्जनों लोग थे बैठक में उपस्थित।

## वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम सभा का आयोजन

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडारिया प्रखंड के ग्राम पंचायत भंडरिया के पंचायत भवन सचिवालय में गुरुवार को वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम सभा का आयोजन कर 15 सदस्य ग्राम वन अधिकार समिति का गठन किया गया। ग्राम सभा में मुख्य रूप से भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह उप मुखिया रविंद्र सिंह पंचायत सचिव मोजेस किस्पोट्टा राजस्व कर्मचारी दिलीप बैठा सहित वार्ड सदस्य उपस्थित थे। ग्राम सभा में सर्वसमिति से ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष देवानंद कुमार उपाध्यक्ष एलईशबा कुजूर सचिव संतोष कुमार सदस्य वीरेंद्र कोरवा, अरूण केरकेट्टा अर्जुन मिंज, चंपा तिग्गा, रमेश का चयन किया गया।

## जर्जर हो चुके विद्युत तार को बदलने का कार्य शुरू

गढ़वा (आजाद सिपाही)। आज दिनांक 14/10/2023 दिन शनिवार और 15/10/2023 दिन रविवार को 33 हजार वोल्ट और 11 हजार वोल्ट लाइन में मरम्मती और पेड़ छटाई का कार्य किया जाना है, इसके अलावें गढ़वा शहर में आगामी दुगार्पूजा को देखते हुए जर्जर हो चुके विद्युत तार को बदलने का कार्य और पूजा पंडालों के आसपास फराठी लगाने का कार्य किया जाना है, जिसकी वजह से गढ़वा शहर के दोनो विद्युत शक्ति उपकेंद्र के 33KV गढ़वा 1 (पुराना) , 33 KV गढ़वा 2 (नया ) की विद्युत आपूर्ति दिन के सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिध नसीम अख्तर ने दी।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान



सगमा (आजाद सिपाही)। बिजली वितरण निगम द्वारा सगमा प्रखंड के मकरी और बेलिया गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर एक लाख पचासी हजार पांच सौ छप्पन रुपये जुर्माना लगते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया। छपमारी अभियान का नेतृत्व सहायक अभियंता दीपक कुमार और कनीय अभियंता गुणवंत कुमार के द्वारा किया गया। छापामारी दाल में उक्त पदाधिकारियो के साथ कनीय अभियंता अमल रॉय मानव दिवस कर्मी नईम अंसारी अवधेस कुमार बलराम कुशवाहा का नाम शामिल है

# दो माह का राशन वितरण नहीं करने पर भूख हड़ताल पर बैठे सैकड़ों ग्रामीण

**जबतक राशन वितरण नही किया जायेगा, तबतक हमलोग भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष पूर्व मुखिया प्रतिनिधि समाज सेवी बलराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने डीलर द्वारा दो माह का राशन वितरण नही करने पर भूख हड़ताल पर बैठे। वही भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि जबतक राशन वितरण नही किया जायेगा तबतक हमलोग भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। लोंगो का कहना था कि अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधी रजवार के अस्वासन दिए 15 दिन बीत जाने के बाद भी प्रखंड के डीलरों द्वारा राशन वितरण नही किया जारहा है। ग्रामीणों ने राशन वितरण में कालाबजारी को लेकर अगस्त माह का अंगूठा लगवा कर राशन वितरण नहीं करने का आरोप प्रखंड के डीलरों पर लगा रहे हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के राशन वितरण का आश्वासन के बाद भी ग्रामीण खबर लिखे जाने तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर विशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा अपने दल बाल के साथ मौजुद थे। इस मौके पर 20 सूत्री शैलेंद्र प्रताप देव, लतीफ अंसारी, सचिन गुप्ता, भारदूल चंद्रवंशी, आलम, विजय, रीता देवी, भगमानी, उषा, कलावती, रीता देवी, सुनीता कुंवर, रीना सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।



**सभी डीलरों को राशन वितरण करने का निर्देश दे दिया गया है**

वहीं भूख हड़ताल पर बैठे लोगों के बीच आकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार ने कहा कि वैसे लाभुक जो अगस्त और सितंबर माह का डीलर के द्वारा लाभुक को अंगूठा लगवाकर नही दिया गया है। वैसे लाभुक डीलर के पास जाकर अपना राशन कल से ले सकते हैं।

# कांडी अस्पताल में इलाज के अभाव में भरोसा रजवार की मौत

आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के बत्तो गांव निवासी 40 वर्षीय भरोसा रजवार की मौत इलाज के अभाव में कांडी अस्पताल में हो गयी। मृतक भरोसा आहर में नहाने के क्रम में डूब गया था। आनन फानन में पांच लोगों ने आहर से निकालकर मोटरसाइकिल के माध्यम से अस्पताल लाये लेकिन यहां पर कोई डॉक्टर नही था। इलाज के लिए बाहर ले जाने के लिए एंबुलेंस भी नही मिला और उसकी मौत हो गयी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दी। लोगों ने बताया कि मृतक भरोसा को आहर से निकालकर 3:20 बजे अस्पताल लेकर आये थे लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर उपलब्ध नही था। एक एनएम सोनी कुमारी,एक जीएनएम ममिता कुजूर और एमपीडब्ल्यू अर्जुन राणा उपस्थित थे। जिन्होंने पीड़ित को ऑक्सीजन लगाए। चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद सेठ ने बताया कि आज 3 बजे के बाद सीएचओ सोनिया कुमारी की ड्यूटी है। लेकिन ओ भी उपस्थित नही थी। आज सुबह ओपीडी में 9 बजे से 3 बजे तक डॉ विरेन्द्र कुमार ड्यूटी में थे। जो तीन बजे ड्यूटी ऑफ कर चले गए थे। अस्पताल में उपस्थित कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने बताया कि यहां आने के बाद 108 एम्बुलेन्स को फोन किया गया लेकिन वह भी बार बार कहता रहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए तुरंत भेज रहे हैं लेकिन दो घंटे बाद भी एम्बुलेंस नही पहुंचा और भरोसा रजवार इलाज के इंतजार में साढ़े चार बजे दम तोड़ दिया।



# महिला से टेंपो में जेवर और नगदी की छिनतई

आजाद सिपाही संवादाता

**भवनाथपुर।** महिला से टेंपू में जेवर और नगद की छिनतई कर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के छमाईलवा बरवाबांध मोड़ के पास झाड़ी में फेंके जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला से आधा दर्जन अपराधियों ने सोने का चैन, कान की बाली तथा एक हजार रुपये लूट लिया। घटना की सूचना मिलते ही श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केसरी भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा पीड़ित महिला को मेडिकल चेकअप के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश के कोन थाना क्षेत्र के झरिया गांव की दिपिका कुमारी अपनी छोटी बच्ची के साथ नगर उटारी स्थित हेनहो में मायके जाने के लिए निकली थी। विंढमगंज से पिला रंग के टेंपो पर सवार हो गयी जिसमें चार पांच और लोग भी उस टेंपू में सवार थे। पीड़ित के अनुसार महिला बेहोश हो गयी, वह भवनाथपुर कैसे पंहुची उसे कुछ जानकारी नहीं है। पीड़ित महिला को भवनाथपुर थाना क्षेत्रत स्थित छमाईलवा बरवाबांध मोड़ से 50 मीटर दूर झाड़ी में होश आया। पीड़ित महिला ने बताया कि जब हमें होश आया तो देखा कि चारों तरफ जंगल झाड़ी है और हमारे गले का चैन कान का बाली एक हजार नगद भी गायब है। महिला ने शक जाहिर किया कि उक्त टेंपो वाले ने ही लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। एसडीपीओ ने बताया की विंढमगंज से पीड़ित महिला को नगर ऊंटरी में हेनहो में जाना था, लेकिन भवनाथपुर में छमाईलवा के पास झाड़ी में बेहोशी की हालत में मिलना संदेहास्पद लगता है। हालांकि मामलात जो भी हो अपराध करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।




**Annexure 1**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Very Short Tender**

**Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-19 / 2023-24 (2nd Call) Date :- 13.10.2023**

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Repair of ST Jalan Boys Hostel (Part -1 or B) Under Block- Sisai, District – Gumla | 2499100.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 2. | Time of Completion | 6 Month | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 20.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of Bids online | 26.10.2023 (up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for receipt of Bids Fee, Security and Other Documents. | **27.10.2023 (up to 3:00 PM)** | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 28.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8. (a) (b) | Contact No. of Procurement officer E-mail of e-Procurement Officer | 9939909313 eemidgum@gmail.com | | |
| 9. | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 | | |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Gumla.**

PR 309113 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**Annexure 1**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Very Short Tender**

**Tender Reference No. WRD/MID/GUMLA-F2-18 / 2023-24 Date :- 13.10.2023**

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Construction of 3 Additional Classroom with 2.40 M Wide Verandah at S.S. +2 High School, Block - Gumla | 3074800.00 | 5000.00 | 06 Month |
| (ii) | Construction of 3 Additional Classroom with 2.40 M Wide Verandah at Government High School, Block- Bharno | 3074800.00 | 5000.00 | 06 Month |
| (iii) | Construction of 3 Additional Classroom with 2.40 M Wide Verandah at Kandarp High School, Block - Palkot | 3074800.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 2. | Time of Completion | 6 Month | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 20.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of Bids online | 26.10.2023 (up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for receipt of Bids Fee, Security and Other Documents. | **27.10.2023 (up to 3:00 PM)** | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 28.10.2023 (2:00 PM) | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8. (a) (b) | Contact No. of Procurement officer E-mail of e-Procurement Officer | 9939909313 eemidgum@gmail.com | | |
| 9. | Helpline Number of e-Procurement Cell | 0651-2491232 | | |

**Note :- Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Gumla.**

**PR 309111 Minor Irrigation(23-24).D**

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**ई-मेल : socialsechzb@gmail.com**

ज्ञापांक– ........../सा०सु०, हजारीबाग दिनांक –..................................

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

हजारीबाग जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा – निर्धन, अपंग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त कम्बल वितरण हेतु GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। क्रय किये जानेवाले कम्बल की अनुमानित संख्या लगभग 49,470 (उनचास हजार चार सौ सत्तर) अद्द है। यह संख्या घट–बढ़ सकती है।

**Bid Item Details**

| सामग्री का नाम | साईज (in Inch) | वजन (in kg) | Sticker/Logo | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| कम्बल (ऊनी) | 60"X 90" | 2 (दो) कि०ग्रा० (न्यूनतम) | 3"X3" Dimension (झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, राँची) का लोगो सभी कम्बलों में लगाना अनिवार्य होगा। | 49470 (संख्या घट–बढ़ सकती है) |

**Salient Features of Bid Document**

| क्र.सं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | 1,48,41,000.00 |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि (GeM Portal पर) | 13/10/2023 |
| 3 | EMD | 3,71,025.00(2.5% of bid amount) (Only Demand Draft in favour of "DC Hazaribag" payable at Hazaribag) |
| 4 | Bank Guarantee (for successful bidder) | 05% of Bid amount Rs.7,42,050/- as FDR has to be submitted within two days of bid finalization in favour of DC Hazaribag |
| 5 | निविदा की अन्तिम तिथि | 28.10.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक) |
| 6 | कम्बल का नमूना जमा करने की अन्तिम तिथि एवं पता | 28/10/2023 पता–जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, हजारीबाग पिन–825301 (झारखंड) (अपराह्न 03 बजे तक) |
| 7 | कागजात जमा करने की अन्तिम तिथि | 28/10/2023 (DD की मूल प्रति एवं अन्य कागजात) |
| 8 | निविदादाताओं का क्रय समिति के साथ बैठक की तिथि | 01/11/2023 (सभी निविदाताओं या उनके प्रतिनिधि को निविदा समिति की बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है।) |

निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी https://hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

**PR.NO.309110 Women, Child Development & Social Security(23-24):D**

**सौगात :** केंद्रीय मंत्री ने सारिदकेल और मुरहू में रखी एकलव्य आदर्श विद्यालय की आधारशिला

# पूरे देश में खुलेंगे 740 एकलव्य आवासीय विद्यालय : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के सभी प्रखंडों में एक-एक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खोले जा रहे हैं। पूरे देश में 740 एकलव्य विद्यालय खोले जाएंगे। एक विद्यालय में 480 विद्यार्थी (240 छात्र और 240 छात्राएं) पढ़ेंगे। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के सारिदकेल और मुरहू में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माण की आधारशिला रखने के बाद जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक-एक विद्यालय के निर्माण में 38 से 48 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। आनेवाले समय में एकलव्य विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे और यहां से वैज्ञानिक, अभियंता, डॉक्टर आदि बनेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरे देश में साढ़े तीन लाख बच्चे एकलव्य विद्यालयों में पढ़ेंगे। कहा कि नवोदय विद्यालय से भी अच्छी शिक्षा मिले, इसी उद्देश्य को लेकर एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं और यह भगवान बिरसा मुंड के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि एकलव्य विद्यालय बनाने में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसका एकमात्र उद्देश बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि हर स्कूल में चार खेल मैदान के अलावा सभी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। शिक्षकों को भी विषलय में ही रहना पड़ेगा। ये सभी विद्यालय कंप्यूटर और स्मार्ट कलस की भी सुविधा रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कह कि यदि आदर्श गांव के तौर पर विकसित करने के लिए खूंटी जिले के 254 गांवों का चयन किया गया है। इसकी राशि भी राज्य सरकार को उपलब्ध करा दी गई है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि गांवों के विकास के लिए योजनाओं का चयन ग्रामीणों के सहयोग से हो। ऐसी योजनाओं का चयन करें, जिसका लाभ सभी लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। हमारा दायित्व है कि महिला मंडलों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि जहां महिला मंडल नहीं हैं, वहां इसका गठन किया जाए और महिलाओं को विकास से जोड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा और अस्पताल जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। उन्होंने सभी मुखिया और जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे सभी स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील बनायें।



एकलव्य आदर्श विद्यालय का आधारशिला रखते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व अन्य।

### 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर फिर से नरेंद्र मोदी को बनायें प्रधानमंत्री : कोचे मुंडा

तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि एकलव्य विद्यालय खोलकर अर्जुन मुंडा ने शिक्षा का दीप जलाने का प्रयास किया है। आजादी के बाद ही ऐसे स्कूल खुल जाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और इस क्षेत्र में शिक्षा का उतना विकास नहीं हो सका, जितना होना चाहिए था। कहा कि इस विद्यालय का आज शिलान्यास हुआ है, उसका निर्माण भी जल्द होगा। विधायक ने लोगों से अपील की कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनायें। कार्यक्रम का संचालन आइटीडीए के निदेशक संजय भगत ने किया। मौके पर डीडीसी नीतीश सिंह आदि मौजूद थे।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का हो प्रयास : कड़िया मुंडा

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि एकलव्य विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इस दिशा में प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के विद्यालय पहले ही खुल जाने चाहिए थे, लेकिन इस ओर पूर्ववर्ती सरकारों ने ध्यान ही नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अवसर के अभाव में इस क्षेत्र का उतना विकास नहीं हो पाया, जितना होना चाहिए था। कहा कि एकलव्य विद्यालय खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

## 24 घंटे में हत्याकांड का खुलासा नाबालिग सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के तुरीगड़ा निवासी आनंद पतरस तोपनो (48) की हत्या के मामले में पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के तुरीगड़ा बड़का टोली निवासी अभिषेक केरकेट्टा, तोरपा थाना क्षेत्र के बोतलो गांव निवासी पोलीकार्प भेंगरा उर्फ पोली और उसीह गांव के ही सुनील भेंगरा शामिल हैं। एक नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। इसकी जानकरी शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर की रात तुरीगड़ा गांव के पास एक निमार्णाधीन चर्च है। उसके बगल में एक कुंए के पास आनंद पतरस तोपनो का शव बरामद किया गया था। घटना की 24 घंटे के अंदर ही पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठन कर उक्त तीनों आरोपितों और नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से हत्या में प्रयुक्त टांगी, रस्सी, बाइक और खून से सना कपड़ा बरामद किया। छापामारी में थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, एसआई निशांत केरकेट्टा, सुनील कुमार मेहता, मिथिलेश जमादार, डोमन टुडू आदि उपस्थित थे।



### विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई : पुलिस



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें विधि व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गापूजा के षष्ठी दिन से दोपहिया-चार पहिया वाहनों को चौक बाजार की जगह बायपास रोड से परिचालन किया जाएगा। वहीं, पूजा पंडाल समितियां को सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि पूजा पंडाल में सुरक्षा बल के रूप में महिल-पुरुष बल तैनात रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता बुंडू प्रभारी डीएसपी किस्ट्रोफर केरकेट्टा ने किया। मौके पर बुंडू कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार, सीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी संजीव कुमार, नगर प्रबंधक अनूप कुमार, राजकिशोर कुशवाहा, शत्रुघ्न महतो, राम महतो, रोशन महतो, सत्यनारायण भगत, अबू शाहिद अंसारी और मोहम्मद कमरुज्जमा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खूंटी विधायक के निर्देश पर रात डेढ़ बजे शुरू हुआ सड़क मरम्मत का काम



खूंटी (आजाद सिपाही)। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के निर्देश पर जिला मुख्यालय के भगत सिंह चौक की मरम्मत का काम गुरुवार की देर रात 1.30 से शुरू हो गया। खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत और विश्वजीत देवघरिया के आग्रह पर विधायक ने अधिकारियों को भगत सिंह चौक की जर्जर सड़क की अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश दिया। प्रियांक भगत ने विधायक से आग्रह किया था कि भगत सिंह चौक की जर्जर सड़क की तुरंत मरम्मत नहीं कराने पर दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ ही आम लोगों को भी भारी परेशानी का समाना करना पड़ेगा। विधायक के निर्देश पर रात को ही सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। इसको लेकर नागरिकों में काफी खुशी है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के भगत सिंह चौक के पास सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये थे। बारिश होने पर वहां जल जामव हो जाता था और गर्मी में उड़ते धुलकणों के कारण आम लोगों को परेशानी ऐलनी पड़ती थी। विधायक की पहल का चैंबर ऑफ कॉमर्स ने स्वागत किया है और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। टो1

### दुर्गापूजा को लेकर तोरपा में शांति समिति की बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा में दूगार्पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। तोरपा के अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा की अध्यक्षता आयोजित बैठक में दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। अपील की गई कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करें, जिससे दूसरे की भावना आहत हो। पूजा समिति के सदस्यों से असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के साथ ही अफवाहों से बचने की अपील की गई। इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह ने कहा कि पंडालों के पास समिति के सदस्य तैनात रहेंगे। किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान पंडालों के पास मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मौके पर साफ-सफाई, खराब लाइट का दुरुस्त करने, पेयजल की व्यवस्था, ट्रैफिक में सुधार करने पर चर्चा हुई। साथ ही कहा गया कि दुर्गा पूजा के दौरान षष्ठी तिथि से ही सड़क पर मांस मछली की दुकान को बंद करने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बंसिया गांव में विधायक निधि से 100 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रंगबहादुर महतो की ओर से किया गया। मौके पर हलधर पांडेय, रंजीत साहू, ग्राम प्रधान कार्तिक सिंह मुंडा, मकुल मुंडा, दीनबंधु साहू, कैलाश साहू, फनीलाल साहू, चन्दन साहू, मुकेश महतो, शंकर मुंडा आदि थे।

### हरेलाल महतो ने लिया डायरिया पीड़ितों का जायजा

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव में डायरिया पीड़ितों का हालचाल जानने आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो शुक्रवार को गांव पहुंचे। डायरिया पीड़ितों को आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने डायरिया से मृत दो वर्षीय दूर्गा मनी मछुआ के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने हर तरह की सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं मिलन चौक के निजी क्लीनिक में भर्ती डायरिया पीड़ित का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि डूमरा गांव में डायरिया का प्रकोप की सूचना मिलने के बाद इस दिन पीड़ितों का हालचाल जानने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से पीड़ितों को सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि डायरिया पीड़ितों को हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, भगत सिंह मुण्डा, विरवल गोप, दिलीप कुमार दास, गुरूचरण महतो, योगेंद्र नाथ महतो, श्यामबो पातर, सष्ठी चरण महतो,सुबल पांडे, सुरेश गोप, दुर्गा महतो, दिगंबर सिंह मुंडा, महेंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### दुर्गापूजा को लेकर तमाड़ थाने में हुई शांति समिति की बैठक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को तमाड़ थाना में शांति समिति की बैठक । तमाड़ अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में तमाड़ थाना परिसर में हुई बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। उस दौरान मिलजुल कर त्योहार मनाने और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने को लेकर चर्चा की गयी।

### सदियों से चली आ रही परंपरा में शामिल होने की खुशी को जाहिर करना सहज नहीं : विकास मुंडा



**अड़की (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा अंतर्गत सारगेया पंचायत के राउता गांव में अयोजित झापांन कार्यक्रम में विधायक विकास कुमार मुंडा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सदियों से चली आ रही परंपरागत कार्यक्रमों में सम्मिलित होने की प्रसन्नता को जताना सहज नहीं है। मुझे आमंत्रित कर इसमें सम्मिलित होने का सुखद अवसर देने के लिए सभी ग्रामीणों का आभार। उक्त गांव में उन्होंने ही नहर बनवाया गया था जो आज ग्रामीणों को काफी लाभ पहुंचा रहा है। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने भी उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, महावीर सिंह मुंडा, सारगेया मुखिया, मलिन महतो, सुखराम मुंडा, महादेव मुंडा, प्रेमा यादव, कौलेश्वर मुंडा, राजेंद्र लोहरा, लखन और उमेश महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड वुशू संघ के कोच रजी अहमद को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी/पिपरवार।** रांची होटवार के खेलगांव स्थित हरिवंश रॉय टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 19 विभिन्न खेलों के 225 खिलाड़ियों और 54 प्रशिक्षको (कोच) को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं खेलमंत्री हफिजुल हसन ने सम्मानित किया। इसमें झारखंड वुशू संघ के कोच और चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद को 60 हजार रुपए और कोयलांचल एवं चतरा जिला के 8 प्रशिक्षु खिलाड़ी अविनाश गंझू, शिवम उरांव, अंकित कुमार और डॉली कुमारी को 75 हाजर रुपए, विशाल गंझू और आयुष कुमार को 50 हजार रुपए, रोहित कुमार गंझू और भास्कर ठाकुर को एक लाख रुपए प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरूस्कार राशी खिलाड़ियो के द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई वुशू प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने और उनके कोच रजी अहमद को वुशू खेल में उत्कृश्ट प्रदर्शन के लिये सम्मान स्वरुप राषि प्रदान किया गया। वहीं वुशू प्रशिक्षक रजी अहमद ने झारखण्ड सरकार को सम्मानित करने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है।

### अभियान चलाकर बाल विवाह व दहेज प्रथा को लेकर लोगों को किया गया जागरूक



**तमाड़/रड़गांव (आजाद सिपाही)।** डालसा की ओर से तमाड़ प्रखंड के रड़गांव पंचायत भवन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ता सुकीर्ति कुमारी ने बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा और डायन बिसाही पर लोगों के बीच जानकारी साझा की। तमाड़ प्रखंड में मोबाइल बैन से लगातार लोगों के बीच निःशुल्क विधिक सेवा कैसे मुहैया कराया जाता है। इसकी जानकारी दी जाती हैं। इस समय विशेष कर बच्चों के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज स्कूल में बच्चों के बीच कानूनी जानकारी दी गयी। साथ में एकल परिवार के बच्चों को मिलने वाले स्कॉलरशिप का लाभ के बारे जानकारी दी गयी। एक परिवार के दो बच्चे को प्रति माह मिलने वाली स्कॉलरशिप यानी एक बच्चे को चार हजार रुपया पढ़ने के लिए दिया जाता है। मौके पर वीएलवी अनीमा, सोनमणि देवी, रुक्मणि देवी और नीतू देवी आदि उपस्थित थे।

### मुरहू में जलापूर्ति के लिए वीयर निर्माण की मिली स्वीकृति

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू में जलापूर्ति को लेकर बनई नदी में वीयर निर्माण के लिए तीन करोड़ 37 लाख 25 हजार रुपए की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के सचिव द्वारा महालेखाकार झारखंड डोरंडा, रांची को गुरुवार को एक पत्र जारी कर दिया गया। जिसमें कहा गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी अंतर्गत मुरहू प्रखंड के पांच ग्रामों मुरहू, डुडरी, चमराटोली, कोड़ाकेल और गुरमी में ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के क्रियांवयन राज्य योजना के जनजातीय क्षेत्र उपयोजना शीर्ष के अधीन निर्माण कार्य मद से आठ करोड़ 34 लाख 37 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। योजना का जलस्त्रोत बनई नदी है, जिसपर वीयर निर्माण का प्रावधान है। उक्त जलापूर्ति योजना में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वीयर निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 37 लाख 25 हजार 80 रुपए के प्राक्कलन पर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र, रांची द्वारा तकनीकी अनुमोदन प्रदान की गई है। तकनीकी अनुमोदन प्राप्त प्राक्कलन के आलोक में उक्त राशि पर योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है। यह जानकारी खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने दी।

## तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मी का निधन, मुआवजे की मांग

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मुकेश महतो की तबीयत खराब होने से उसका निधन हो गया। रामगढ़ के नयी सराय स्थित सीसीएल अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह मूलरूप से पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव का निवासी था और सीएचपी/सीपीपी परियोजना में एलएमभी सेक्शन में कार्यरत था। अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री और पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गया है। उधर, मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। वहीं, स्थानीय ग्रामीण सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय में जमा होकर मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे। जिसके बाद परियोजना कार्यालय में प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। जिसमें मृतक के बड़े बेटे गौतम कुमार को कागजी प्रक्रिया होने के बाद दो महीना के अंदर अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आश्वासन प्रबंधन ने दिया।

खलारी थाना में शांति समिति की बैठक, दिये गये कई निर्देश

## रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउड स्पीकर बजाना पूर्ण वर्जित : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** थाना परिसर में शुक्रवार की शाम दुर्गापूजा महोत्सव के सफल संचालन को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने की। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधियों ने अपनी व्यवस्था की जानकारी दी और परेशानियों से अवगत कराया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि जिला से जो भी गाइडलाइन मिला है उसे सभी को पालन करना है। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर वर्जित है। यदि कोई शिकायत करेगा तो कार्रवाई की जाएगी। केवल अनुज्ञप्तिधारी शराब विक्रेता ही शराब बेचने के हकदार होंगे। गश्ती दल को निर्देशित कर दिया गया है, अनुज्ञप्तिधारी शराब विक्रेता के अतिरिक्त कोई भी शराब या किसी प्रकार के नशा का सामान बेचता पकड़ा गया तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खासकर महिलाओं से अपील की कि किसी तरह की परेशानी में फंसने पर वे खलारी पुलिस को सीधे जानकारी दें। पुलिस को सूचना देने वाले हर नागरिक का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पूजा समितियों को पंडाल से हटकर पार्किंग की व्यवस्था करने और वहां दो वॉलेंटियर रखने का सुझाव दिया। कहा कि किसी भी दुर्गा पूजा पंडाल आने जाने के रास्ते के अगल बगल पूरे नवरात्र तक मांस मछली बेचने पर प्रतिबंध रहेगा। सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन को भी पूजा पंडालों के आसपास आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया। बैठक को प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, रतिया गंझू, कृष्णा चैहान, विकास दूबे आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। बैठक में मुखिया मलका मुंडा, ममता केशरी, सरिता देवी, अनि संदीप कुमार, अनि बाजो रजक, सअनि सहदेव महतो, सअनि अखिलेश सिंह, सअनि देववंश, मुंशी बीएन यादव, ललन प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, कृष्णा चौहान, अशर्फी राम, मुन्नू शर्मा, राजू गुप्ता, कार्तिक पांडेय, नारद राम, फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, विक्की सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, शांति समिति की बैठक में सार्वजनिक जगहों, मुख्य व गली मुहल्लों की सड़कों पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को लेकर विशेष निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपने स्वार्थ में कई लोग सार्वजनिक स्थलों का अतिक्रमण किए हैं। नहीं हटे तो कार्रवाई होगी।



# जनता दरबार में ग्रामीणों ने मुखिया के कार्य को सराहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** बोड़ेया ग्राम पंचायत के मुखिया सोमा उरांव के द्वारा शुक्रवार को पंचायत भवन में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी। जिससे पंचायत के लोगों में खुशी देखी गयी। जनता दरबार में जमीन विवाद से संबंधित 9 आवेदन, विकास से संबंधित 27 आवेदन, कृषि से संबंधित 33 आवेदन, पीएम आवास के लिए 31 आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा ग्रामीणों ने शिक्षा, मृत्यु प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, बिजली व मनरेगा से संबंधित कई आवेदन जमा किया। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा बीएओ नन्देश्वर दास व मुखिया सोमा उरांव ने 18 किसानों के बीच मैन्युवल स्प्रे मशीन व एक पावर मशीन किया गया। वहीं जेएसएलपीएस जोहार परियोजना ने शत प्रतिशत अनुदान पर बोडेय़ा के एकेएम आजीविका कृषक मित्र को सोलर पम्प वितरण किया। साथ ही किसानों के बीच दलहन का बीज भी वितरण किया गया। मौके पर बीएओ नन्देश्वर दास व बीटीएम बिंदु कुजूर ने किसानों को केसीसी ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, अनुदान पर कृषि यंत्र योजना व टपक सिंचाई के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## काल्पनिक मंदिर की तर्ज पर बन रहा नवयुवक संघ सदाबहार चौक का पूजा पंडाल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा को लेकर पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सारे जगह भव्य पंडाल निर्माण के लिये भूमिपूजन हो चुकी है। श्री श्री दुर्गा मंदिर पूजा समिति नवयुवक संघ सदाबहार चौक नामकुम की ओर से चौक स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में काल्पनिक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर के प्रारुप वाले पूजा पंडाल में हुगला के पत्तों से मनोहरी सजावट की जायेगी। पूजा पंडाल निर्माण में लगभग 7 लाख की खर्च होगी। जिसे पश्चिम बंगाल के कारीगर कर रहे है। पंडाल की ऊंचाई 55 फीट, चौड़ाई 30 फीट एवं लम्बाई 50 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर प्रांगण में मां वैष्णो माता की पूजा होती है। जहां पिछले कई वर्षो से मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से की जाती है। बताया कि यहां श्रद्धालुओं की आस्था है कि मां वैष्णों की पूजा अर्चना करने से सभी की मनोकामनाएं पूरी होती है। वहीं, समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी चार दिनों का भोग प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें दशमी के दिन दोपहर 2 बजे से महा भंडारा होगा। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, सचिव मनोज ठाकुर, कोषाध्यक्ष अखिलेश यादव, पूजा प्रभारी मनोज कुमार, सह प्रभारी रंजीत पात्रा और नितिन चेलानी, संजीव उर्फ छोटू सिंह, गोपाल चौधरी लगे हुये है।

## बेटियां सशक्त होंगी, तभी देश और समाज सशक्त बनेगा : डॉ अमर कुमार चैधरी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर लघु नाटिका, कथक नृत्य, भाषण व कविता आदि प्रस्तुत किए गए। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों का उत्सावर्द्धन किया गया। मौके पर प्राचार्य एडवर्ड लुगून नें कहा कि यह कार्यक्रम, हर साल की भांति इस साल भी स्कूल में लड़कियों को सम्मान देते हुए मनाया गया। यह दिन लड़कियों के हौसले को बुलंद करने के लिए मनाया जाता है। जिससे हर घर तक यह संदेश पहुंच सके कि बेटी कुदरत की एक अनमोल उपहार है। कहा कि जो बेटी को पहचान देते हैं वही माता-पिता महान होते हैं। स्कूल के सचिव डॉ अमर कुमार चैधरी ने कहा कि अगर हमें देश की नींव को मजबुत बनाना है तो हर माता पिता को अपने बेटियों को पढ़ाना चाहिए तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। कहा कि बेटियां सशक्त होगी तब हीं देश समाज सशक्त होगा। मौके पर सैकड़ो की संख्या में छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिका व अभिभावकगण मौजूद थे।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में विदाई समारोह




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजननामकुम (आजाद सिपाही)। वाईबीएन विश्वविद्यालय के एमकेआई, बीएससी और जीएनएम सत्र 19-23 बैच के छात्रों का शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अंतिम बैच को विदाई देने के लिये एमकेआई के मौजूदा एवं फ्रेशर ने मिलकर योगदान दिया। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के अधिकारी और डीन सह प्राचार्य डॉ. ए सुमति ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम की शुरूआत संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गयी। इसके बाद सीनियर बैच के साथ-साथ जूनियर बैच द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मौके पर चेयरमैन रामजी यादव ने कहा कि अपने जीवन में जो भी करें। वह सुनिश्चित करें कि आप अपने आस-पास के लोगों के प्रति अच्छे और दयालु है। आप जो भी करें उसमें आशावादी रहें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार ने कहा कि मेरे अपने अनुभव के अनुसार अपने जीवन में बहुत सी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### सिलवे बस्ती में भाजपा टाटीसिलवे मंडल की बैठक आयोजित

# नरेंद्र मोदी का मतलब विकास : संजय सेठ

- अब देश की बेटी पुरुषों के मुकाबले सांसद-विधायक बनेगी।
- अब देश की बेटी सेना में भी बड़े-बड़े पोस्ट पर जायेगी।



आजाद सिपाही संवाददात

**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल एससी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष दलित समुदाय के कार्य योजना के मार्गदर्शन के लिये सिल्वे बस्ती में दलित समुदाय के लोगों के बीच बैठक आयोजित किया गया। मंच का संचालन मंडल प्रभारी मनोज चौधरी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में रांची सांसद संजय सेठ शामिल हुये। उन्होंने दलित लोगों की समस्याओं से अवगत होते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि नरेंद्र मोदी का मतलब विकास है। नरेंद्र मोदी ने देश की बेटी को गैस चूल्हा, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत से पांच लाख रूपया, शौचालय, जन-धन खाता, लाडली लक्ष्मी योजना, देश की बेटी को पुरुषों के मुकाबले में खड़ा कर सम्मान देकर नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण का उपहार दिया है। अब देश की बेटी पुरुषों के मुकाबले सांसद-विधायक बनेगी। राज्य सभा जायेगी, ये मोदी जी ने बेटीयों को सबसे बड़ा उपहार दिया है। कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दलित समाज से थे। वो एक पढ़े लिखे व्यक्ति थे। जिन्हें नरेंद्र मोदी जी ने देश का राष्ट्रपति बनाया तथा उनको सम्मान देने का काम किया। अब देश की बेटी सेना में भी बड़े-बड़े पोस्ट पर जायेगी। वहीं, बैठक में मुख्य रुप से उपस्थित खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में बस्ती की महिलाओं ने सांसद को ज्ञापन सौपकर समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर एससी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक, टाटीसिलवे समाजसेवी सह सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाली आनंदी से टुंडाहोली और गुडू से चापावार तक सड़क का निर्माण

# सांसद और विधायक ने रखी आधारशिला

## ग्रामीणों ने 18 फीट चौड़ी सड़क और जर्जर पुल बनाने की मांग

- एक ही जगह से कर दी गयी दो सड़कों का शिलान्यास।
- शिलापट पर अंकित नहीं था दोनों सड़कों का प्राक्लित राशि ।



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के जगाती चौक आनन्दी में कार्यक्रम आयोजित कर आनन्दी से थाना चौक होते टुण्डाहोली तक व व गुडू चौक से उकरीद होते चापावार तक बननेवाले सड़क का सांसद संजय सेठ व विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड प्रमुख अनुपमा,उप प्रमुख रिजवान अंसारी के ने आधारशिला रखी। शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा प्रधानमंत्री का सोच गांव में मुलभुत सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना है उसी उद्देश्य के तहत रांची संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 268 करोड़ की लागत से अनेक सड़कें बनायी जा रही है। प्रधानमंत्री हर घर नल योजना के तहत युद्ध स्तर पर लोगों के घरों में पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सांसद ने प्रधानमंत्री हर घर नल जल योजना में गडबडी पर चर्चा करते हुए कहा कि संवेदकों ने पेयजल विभाग के अभियंता से मिलकर बोरिंग व समर्सिबल लगाने में काफी अनियमितता बरती है । वैसे संवेदकों और अभियंता को चिन्हित कर कार्रवाई कर होटवार जेल भेजने का काम करूंगा। विधायक राजेश कच्छप ने कहा जनता जन प्रतिनिधियों से काफी उपेक्षा रखती चाहे वह पंचायत के प्रतिनिधि हो या सांसद विधायक हो हम क्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध है लगातार प्रयास रत है काम में गुणवत्ता पूर्ण हो काम में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एस डी ओ को फटकार लगाते हुए कहा कि इससे पूर्व में भी सांसद व मेरे द्वारा तीन सड़कों का शिलान्यास किया गया है। परन्तू कार्य शुरू नहीं हुआ है। संवेदक राशि निकालने के बाद भी काम नहीं कर रहा है तो वैसे संवेदक को ब्लैक लिस्टेड़ कर री टेंडर करा कर कार्य कराई जाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में मुआवजे के प्रावधान की बात कही। आनन्दी और ओरमांझी के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने जगाती चौक से थाना चौक तक बननेवाले सड़क को 18 फीट चौड़ा और जर्जर पुल को निमार्ण कराने की मांग की है।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मेहता व धन्यवाद ज्ञापन समाज सेवी रामदास साहू ने किया ।

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश को लेकर प्रभातफेरी निकली गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष मेरा माटी मेरा देश का प्रखण्ड स्तरीय अमृत कलश यात्रा का कार्यक्रम आयोजन युवा नेहरू क्लब एवं जिला प्रशासन राँची के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि युवा नेहरू क्लब के उप निदेशक एस पी सिंह हुए। प्रखण्ड में संग्रह किए गये मिट्टी को एक पितल के कलश में भर कर नगर भर्मण कर मुख्यालय से बिरसा चौक होते हुए पुनः प्रखण्ड कार्यालय तक नारा लगते हुए पहुचे। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एमानुएल जय विरस लाकड़ा ने कहा कि आजादी के 75 वे साल पूरे करने के अवसर पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मिट्टी से दिल्ली में शहीद वाटिका मे वृक्ष लगाया जायेगा उनके नज्म अमर किए जाने की बात कहा। अंचलपदधिकारी पंकज कुमार ने कहा लापूग के सभी 79 गांव व 11 पंचायत के माध्यम से यह मिट्टी ग्राम प्रधान के द्वारा पवित्र स्थल की मिट्टी का संग्रह प्रखण्ड मुख्यालय में संग्रह किया था इस मिट्टी को राँची के बाद दिल्ली शहीद बाटिका भेजा जायेगा।

### विधायक ने अनगड़ा हाहे-राहे पथ के चैड़ीकरण और मजबुतीकरण कार्य का किया शिलान्यास

# हाहे-राहे पथ पर गुंगानाला में 185 करोड़ की लागत से बनेगा उच्चस्तरीय पुल



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने हाहे-राहे सड़क के चैड़ीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य का शिलान्यास किया। पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल रांची (ग्रामीण) द्वारा करीब 66 करोड़ की लागत से 21 किमी सड़क का निर्माण कार्य कराया जाना है। मौके पर विधायक ने संवेदक से गुणवता का पूरा ध्यान रखते हुए सड़क का निर्माण कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। कहा कि गुणवता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। विधायक नें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को कार्य की बराबर निगरानी करने तथा गड़बड़ी पाये जाने पर उन्हें तुरंत सूचित करने को कहा। मौके पर उपस्थित अभियंताओं नें बताया कि जल्द हीं हाहे-राहे सड़क पर गुंगानाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण का भी कार्य प्रारंभ होगा। पुल निर्माण कार्य के लिए 185 (एक सौ पच्चासी करोड़) रूपए स्वीकृत हुए हैं। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, पंसस संज्योति देवी, कुंती देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, साकीर अंसारी, सफीक अंसारी, सिदिक अंसारी, सचिन नायक, कांग्रेस नेता शिवदास गोस्वामी, जितेन्द्र महतो, एतवा उरांव, अजय तिर्की, किस्टो कुजूर, सफीक अंसारी, सचिन नायक, सिदिक अंसारी, युनूस अंसारी, अजय आर्या, सरिता देवी, अनिता देवी, संगीता कैथा, अशोक बेदिया, समीम खान, दशरथ मुण्डा, भोला मुण्डा, लोकनाथ पहान, मुखिया शांति देवी, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# इटकी झारखंड आवासीय विद्यालय का विद्यायक ने किया उद्घाटन

- विद्यालय में कुल 279 छात्राएं पठन पाठन के लिए पहुच चुकी हैं
- सांस्कृति कार्यक्रम में छात्राओं ने नाच-गान प्रस्तुत किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के मुकुंद मौजा में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के भवन का शुक्रवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने द्वीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। मौके पर सांस्कृति कार्यक्रम में छात्राओं ने नाच गान प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मौजूद थे। विद्यालय में कुल 279 छात्राएं पठन-पाठन के लिए पहुच चुके है। शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2019 में मकुन्दा गांव स्थित करीब पांच एकड़ भूमि पर करीब चार करोड़ की लागत से झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया है। शिक्षा विभाग को संवेदक द्वारा हैड ओवर करने के बाद भी करीब तीन वर्ष से विद्यालय को संचालन नही की गयी थी। जिससे यहां के करीब 300 छात्राओं को नामकोम रांची आवासीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करना पड़ रहा था। कार्यक्रम बीडीओ गौतम साहू, वीईईओ सुनील केशरी, रमेश महली, राजन किस्पोटा आदि शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महालया आज, कलश स्थापना के साथ कल से शुरू हो जायेगा दुर्गोत्सव घट स्थापना का शुभ मुहूर्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार महालया के साथ आज से शुरू हो जायेगा। रविवार को मंदिरों व घरों में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जायेगी। 24 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर मां की प्रतिमा के विसर्जन के साथ त्योहार का समापन होगा। माता के उपासक नौ दिनों तक नवदुर्गा के पाठ में लीन रहेंगे। रेडियो और टीवी पर महालया के श्लोक व चण्डी पाठ के अमोघ अहले सुबह से ही सुने जाएंगे।इधर प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी, मुरतो,तुको, ईटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। हर तरफ उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा पंडालों को जहां अंतिम रूप देने में कारीगर लगे हैं, वहीं मूर्तिकार भी जीवंत रूप देने में जुटे हुए हैं। चहुंओर माता रानी के गीतों से गांव गूंजने लगे हैं। पूजा के लिए बाजार भी तैयार है। वही पूजा समितियों ने कई तरह के आकृतियों के पंडाल के निर्माण किए जा रहे हैं। इधर, पूजन सामग्रियों की दुकानों के अलावा फल दुकानों में भी बिक्री शुरू हो गयी है। मूर्तियों में साज-सज्जा का कार्य दिन रात चल रहा है। कलश स्थापना के साथ ही नवह्मन परायण का पाठ और नव रात्रि का पूजा होगा। साथ ही महासमिति ने इस बार पचास फिट ऊंचे रावण का रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण दहन भव्य व आकर्षक होगा।

### सेमी फाइनल मैच जीत फाइनल में पहुंची बीटी और बंगाल, भव्य फाइनल आज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में साऊथ हॉल यूनाइटेड के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार दो सेमी फाइनल मैच पहला बीटी एलेवन व अमित ब्रदर्स बंडामुंडा के बीच हुआ। इस मैच में बीटी एलेवन ने 3-2 से मैच जीत लिया। दूसरा सेमी फाइनल प्रामाणिक इंटरप्राइजेज गंगा रामपुर बंगाल व अंश क्लब कांके के बीच खेला गया। इसमें गंगा रामपुर बंगाल ने 5-0 से मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस दौरान विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच शनिवार को बीटी एलेवन व गंगा रामपुर बंगाल के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा, जो दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचक मुकाबला होगा। इधर मैच देखने वालों की भीड़ जुटी रही। मैदान के चारों ओर से सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। बल्कि खेल मैदान में आयोजित इस तरह के खेलों की सराहना की। मैन ऑफ द मैच रोमित व एडेल मैथु को दिया गया।

### दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना परिसर में दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक अंचल पादाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में दशहरा को त्योहार शांति पूर्ण बातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। लापुंग में में चार जगह दशहरा में दुर्गा की पूजा होती है। ककरिया, लापुंग, दानेकेरा, दोलैचा में दुर्गा पूजा व डिम्बा में महिषासुर का खंडा की पूजा एक दिन पूर्व होती है। डिम्बा में महिषासुर के खण्डा को पीछे से पूजा करते है सामने देखने से कुछ अनिष्ट होती है यह लगो की धारना है। दुर्गा पूजा में शरारती तत्वों से निबटने के लिए लापुंग पुलिस कृत सकल्प है।

### रांची से लाह उत्पादन का प्रशिक्षण लेकर लौटे किसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली लैम्पस के दस सदस्य पांच दिवसीय लाह प्रशिक्षण पर नामकोम रांची गये किसान शुक्रवार को वापस लौटे। खक्सी टोली गांव के दस किसानों ने प्राकृतिक रोल और गोंद संस्थान आईसीएअर नामकोम में झास्कोलैंप्स रांची द्वारा आयोजित लाह उत्पादन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में किसानों को लाह उत्पादन का तरीका प्रबंधन, रखरखाव, बाजार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान में कटिंग टूल्स व स्प्रेयर मशीन संस्था की ओर से दिया गया। वही लैम्पस अध्यक्ष चरवा उरांव ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों से किसानों की जानकारी बढ़ती है। लाह उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। जीवनयापन का स्तर बढेगा। आय बढ़ेगी तो बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवा सकेंगे। प्रशिक्षण लेने वालों में विमल भगत, खुलेश्वर गोप,जूही कुमारी, शानिका भगत, भंडारी भगत,सुका भगत,एतवा भगत,सुमित भगत, मांगा भगत, करिश्मा कुमारी ने भाग लिया।

### दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा पूजा को लेकर इटकी थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक अचलअधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए आपस में विचार विमर्श किया गया। पूजा स्थल पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जायेगा । इसके लिए भी सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी जगह गुड़गांव इटकी मोड, सार्वजनिक पूजा स्थल बनिया टोली, व लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव परिसर में लगने वाले प्रतिमा की एक ही दिन विसर्जन किया जायेगा। इसके लिए सभी मार्ग सभी। सभी प्रतिमाओं का मार्ग निर्धारित कर दिया गया है।

### दुर्गापूजा की तैयारी को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ और दुगार्पूजा की तैयारी को लेकर समिति ने दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते समिति के अध्यक्ष राहुल चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष बलकरण महतो, महामंत्री देवानंद चौधरी, कोषाध्यक्ष रवि केशरी और अरुण कुमार प्रामाणिक ने बताया कि शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर 15 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 7 बजे विशाल कलश यात्रा होगी जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। साथ ही कलश स्थापना के उपरांत दुर्गा सप्तसती का पाठ होगा। जो प्रत्येक दिन होगा, जिसे आचार्य मुनिराज शास्त्री के द्वारा सुबह 8 बजे से मानस का पाठ कराया जायेगा, जो 9 दिनों तक चलेगा। इस वर्ष 40 पाठकर्ता शामिल है .साथ ही शाम में 6 बजे से आरती का कार्यक्रम है साथ ही रात्रि में 8 वर्षीय बाल विदुषी अनुष्का पाठक और पंडित वशिष्ठ मुनि जी के द्वारा रात के 8 बजे से दुर्गा मंदिर पंडाल में संगीतमय प्रवचन का कार्यक्रम है।

## केंद्र सरकार के खिलाफ पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जेपी चौक पर कांग्रेस के युवा नेता सह प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी के नेतृत्व में पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा की गयी। जिसकी अध्यक्षता लल्लू सिंह और संचालन अवध बिहारी सिंह ने किया। कार्यक्रम में पलामू लोकसभा के संयोजक कुमार भी उपस्थित थे। वहीं, पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर लगातार फेल रही है। चाहे वह सुरक्षा हो या रोजगार देना। मोदी सरकार ने जो वादा किया था वह पूरा करने में नाकाम साबित हुई हैं। वहीं, पलामू लोकसभा प्रभारी भीम कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रोजगार की रीढ़ कहे जाने वाले मनरेगा योजना का केंद्र की मोदी सरकार ने बजट कम कर लोगों को ठगने का काम किया है। प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा ने एक बेहद महत्वपूर्ण वादा महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने का किया था। पर सच्चाई ये है कि महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार भाजपा शासित राज्यों में ही हो रहा है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान, सत्यनारायण सिंह, विमला कुमारी, अरविंद तूफानी, सत्यानंद दूबे, नवल किशोर पाठक, मशरुर अहमद, शैलेश सिंह, अर्जुन सिंह, अवधेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, नदीम खान, अवध बिहारी सिंह, मीना देवी, अंबिका सिंह, सत्येंद्र सिंह, रामजीत सिंह आदि थे।

## विधायक का पीएम मोदी को पत्र लिखकर हुसैनाबाद के मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगवाने का आग्रह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** श्रीलंका में हुसैनाबाद के भगवान बिगहा निवासी मजदूर युगल राम की मौत होने के बाद उसके शव को लाने के लिए परिजन जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगा रही है। इस बाबत हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने युवक की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए श्रीलंका से उसका शव मंगवाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगाने का आग्रह किया है। इस बाबत पीएम को ई मेल संदेश भेजा है। विधायक ने यह भी कहा कि श्रीलंका की कंपनी जिसमें मजदूर काम करता था उससे और केंद्र सरकार से परिजनों को उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। उम्मीद जाहिर की कि पीएम इस मामले में संज्ञान लेकर मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगवायेंगें। उधर, युवक की मौत पर एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने भी पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद की बात कही।

## 15 सूत्री मांगों को लेकर सतबरवा प्रखंड कार्यालय में भाकपा-माले ने दिया धरना

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड कार्यालय परिसर में भाकपा-माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा सतबरवा कमेटी की ओर से 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता अविनाश रंजन ने कहा कि चारों ओर लूट मची है। डीलर राशन की कालाबाजारी कर रहे हैं। कार्ड धारी से अंगूठा लगवा कर भी राशन नहीं दिया जा रहा है। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी के कारण लोग दिल्ली-पंजाब जाकर दो वक्त की रोटी के लिए दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि भाजपा नेता केवल हिंदू-मुस्लिम कर गरीब-दलित एवं पिछड़ी जाति के लोगों हक-अधिकार छीन रहे हैं। उन्हें रोजगार की याद तक नहीं आने देते। वहीं, कमेश सिंह चेरों ने कहा कि सतबरवा प्रखंड सहित पलामू प्रमंडल अकाल की चपेट में है। मजदूर और किसनों को भूखो मारने की नौबत आ गई है। जिसे देखते हुए भाकपा माले 15 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही है, जिसमें सतबरवा प्रखंड सहित पलामू प्रमंडल को अकाल क्षेत्र घोषित कर बड़े पैमाने पर गांव-गांव में राहत कार्य चालू किया जाए, जन वितरण प्रणाली द्वारा पूरे 3 महीने की राशन देते हुए दोषी लोगों पर कानूनी कार्रवाई किया जाए। सभी जरूरतमंदों को वृद्धा विकलांग पेंशन बनाया जाए एवं काटे गए पेंशनधारियों को जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जाए। काल को देखते हुए गांव-गांव में मवेशी चरा एवं रोजगार सृजन किया जाए। मनरेगा मजदूरों को 8 घंटे का 600 रुपये मजदूरी लागू किया जाए। जरूरतमंदों को आवास एवं बालू दिया जाए, किसानों को रवि फसल के लिए मुफ्त खाद बीज मुहैया कराया जाए, विद्यालय रसोइया बहनों को सरकारी दर्जा देते हुए 21000 रुपया मानदेय दिया जाए। गैर मंजर हुआ जमीन भूमिहीन गरीबों को बंदोबस्त किया जाए। भ्रष्टाचार एवं महंगाई पर रोक लगाया जाए, पहाड़ों को उजाड़ने से बचाया जाए, काल से निपटने के लिए प्रति यूनिट 15 किलो चावल एवं गेहूं मजदूर किसानों को दिया जाए। किसानों को जमीन में लगा होल्ट जांच कर रसीद काटा जाए शामिल हैं। यही सभी मांगे अगर जल्द से जल्द पूरी नहीं की गयी ताे वे लोग अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। इस मौके पर झारखंड प्रदेश सचिव शिवनाथ महतो, खलील अंसारी, हकीक अंसारी, राजेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, भीम सिंह और अनू भूईयां समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा ने किया कलश संग्रह

# मोदी सरकार ने शहीदों को दिया है उचित सम्मान: रामचंद्र चंद्रवंशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 17 स्थित भवन में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा ने कलश संग्रह किया। इसमें विश्रामपुर नगर और ग्रामीण मंडल से संग्रहित मिट्टी से भरे कलश का संग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ किया। विधायक ने कहा कि देश के वीर सपूतों को नमन करते हुए केंद्र की मोदी सरकार शहीदों को उचित सम्मान दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर सुख दुख में सहयोग करने का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, देवनारायण सिंह, महामंत्री मनीष कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय शाह, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता, अर्चना देवी, रामानंद तिवारी, नरसिंह चौबे, सत्यनारायण सोनी, बेबी देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संगीता देवी, गुड्डी देवी, मीरा देवी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, भिखारी साव, गिरधारी साव, सच्चिदानंद मेहता, धर्मेंद्र कुमार, उपेंद्र तिवारी, श्याम नारायण राम, रामचंद्र तिवारी, सुदामा यादव, मीना देवी, राजीव कुमार सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता थे।



कलश संग्रह करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी और अन्य भाजपा नेता।

# तहसील भवन बन जाने से अंचल कार्यालय का नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर : डॉ शशिभूषण मेहता

**पांकी के विधायक ने तहशील भवन का किया शिलान्यास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पांकी/पलामू।** पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत तेतराई में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पूजा पाठ कर तहशील भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि तहशील भवन बनने से अब तेतराई के लोगों को राजस्व से जुड़े कार्यो के लिए अंचल अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में विकास कार्य हो रहा है। क्षेत्र के सभी गांव पक्की सड़क से जुड़ रहे हैं। कुछ सड़के नहीं बन पाई है, उसकी भी स्वीकृति कराई जा रही है। कुछ सड़कों की स्वीकृति मिल चुकी है। दुर्गा पूजा के बाद सड़क का कार्य करवाया जायगा। मैं हमेशा संघर्ष कर रहा हूं कि पांकी विधानसभा विकास के मामले में अव्वल रहे। मौके पर प्रोफेसर बचन ठाकुर, कमेश यादव, मुखिया पति अनुज सिंह, वशिष्ठ सिंह, चंदन मौर्या, श्रीकांत सिंह, बजरंगी सिंह, हरवंश सिंह, ज्ञानी सिंह और सतेन्द्र सिंह आदि थे।



# हरिहरगंज में रवि कुमार ने बीडीओ और कामेश्वर बेदिया ने संभाला सीओ पद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को सहायक समाहर्ता सह दंडाधिकारी रवि कुमार ने बीडीओ और छत्तरपुर कार्यपालक दण्डाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने अंचल अधिकारी व कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाला। इससे पहले दोनों पदाधिकारियों ने प्रखंड के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी अधिकारियों को एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर प्रखंड क्षेत्र में विकास की ओर अग्रतर कार्य करने की सलाह दी। जिसके बाद बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने सहायक समाहर्ता सह दंडाधिकारी रवि कुमार और कार्यपालक दण्डाधिकारी को अपना पद सौंपा। इस दौरान बीडीओ रवि कुमार और सीओ कामेश्वर बेदिया को क्षेत्र के कई जनप्रतिनिध व राजनैतिक दलों के नेताओं ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और बधाई दी। वहीं एनसीपी के नेताओं ने पूर्व बीडीओ जयप्रकाश नारायण को बुके देकर विदाई दी। इस मौके पर एनसीपी के विधायक प्रतिनिधि पीपरा संदीप पासवान, हरिहरगंज प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष सिंह, अकलेश मेहता सहित कई नेता शामिल थे।



बीडीओ और सीओ का पदभार ग्रहण करते रवि कुमार और कामेश्वर बेदिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## यौन शोषण करने के बाद युवक ने किया शादी से इंकार, गया जेल

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा युवती के साथ यौन शोषण करने के बाद उससे शादी करने के इन्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर मुरुबार ग्राम निवासी मंदीप सिंह को लेस्लीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रखंड के एक गांव की 20 वर्षीय युवती ने मंदीप सिंह पर लेस्लीगंज थाना में मामला दर्ज कराया था। उसने शिकायत में बताया कि शादी का झांसा देकर मंदीप काफी दिनों से उसका यौन शोषण किया। कई महीने पहले अकेले में उसने मांग में सिंदूर भी भरा और शादी होने की बात कह कर यौन शोषण करने लगा। इस दौरान वह (युवती) गर्भवती हो गई है। इसके बाद वह सामाजिक रीति रिवाज के साथ शादी करने का दबाव मंदिप सिंह पर बनाने लगी। शुरू में तो मंदिप शादी की बात को टालता रहा। लेकिन ज्यादा दबाव बनाने पर उसे स्वष्ट रूप से शादी करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद बाध्य होकर युवती ने लेस्लीगंज थाना में शिकायत की। इधर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष युवती का 164 के तहत बयान भी दर्ज कराया गया है।

## विश्रामपुर में जनवितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम फेल, 62 डीलरों पर केवल एक मिनी ट्रक



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड में जन वितरण प्रणाली का डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। जिसके चलते जनवितरण प्रणाली के दुकानों तक न तो खाद्यान्न पहुंच रहा है और न ही कार्डधारियों के बीच वितरित हो पा रहा है। कई डीलर दो महीने तो कई डीलर तीन महीने से राशन का वितरण नहीं किए हैं। जबकि प्रखंड मुख्यालय स्थित एफसीआई का गोदाम खाद्यान्न के बोरों से लबालब भरा है। लगातार तीन महीने से राशन नहीं मिलने से जहां एक ओर लाभुक परेशानी में जी रहे हैं वहीं उनमें डोर स्टेप डिलीवरी ठेकेदार के खिलाफ रोष भी व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार विश्रामपुर प्रखंड में कुल 62 जनवितरण प्रणाली की दुकान है। गोदाम से दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाने का ठेका पाटन के शक्ति शंकर प्रसाद गुप्ता को मिला है। विश्रामपुर में डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम के सफल संचालन के लिए कम से कम छह ट्रक का होना अनिवार्य है। लेकिन ठेकेदार ने यहां मात्र एक मिनी ट्रक ही इस कार्य में लगाया है। वह भी काफी पुराना है। जिसके चलते आए दिन वह मिनी ट्रक खराब हो जाता है और खाद्यान्न का परिवहन ठप हो जाता है। डोर स्टेप डिलीवरी ठेकेदार की लापरवाही से गरीबों को कभी भी समय से राशन नहीं मिल पा रहा है। अगर यही स्थिति रही तो दशहरा पर्व पर भी लाभुकों को अनाज नहीं मिल पायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक गोदाम प्रबंधक इम्तियाज हुसैन ने कहा कि डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार को ट्रक की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। वरीय पदाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

## मिस इंडिया एवं शेफाली जरीवाला 18-19 को मेदिनीनगर में खेलेंगी डांडिया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला शाखा की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि नवरात्रि पर 18 और 19 अक्टूबर को होने वाली डांडिया नाइट ऐतिहासिक होगी। उक्त कार्यक्रम में मिस इंडिया सिमरन आहूजा और बॉलीवुड की अभिनेत्री शेफाली जरीवाला (कांटा लगा गर्ल) मुंबई से सभी के साथ डांडिया खेलने आ रही है। अहमदाबाद के डांडिया डांसर ग्रुप एवं मुंबई के जाने-माने डीजे भी शिरकत करेंगें। अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि स्थान सीमित होने के चलते मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की जा रही है। शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम के स्पॉन्सर हेरीटेज टोयोटा, प्रेमसंस मोटर, आनंद मोटर्स, मां शारदा टाटा मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल्स, पलामू स्वराज ट्रैक्टर्स, जॉनडियर ट्रैक्टर, अर्जुन ऑटोमोबाइल, रोटरी स्कूल, रेशम डिजाइनर बुटीकस, ओसम डेयरी और लाइंस फेमिना को बधाई दी है। बताया कि सुरक्षा के लिए प्रशासन से अपील की गयी है। कार्यक्रम के कुछ प्रवेश पत्र गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध है जिसे प्रवेश पत्र रहते तक प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की तैयारी काफी जोर-जोर से जारी है। शर्मिला जी ने चेंबर के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया है।



# जिला बनने की सारी अहर्ताएं पूरी करता है छतरपुर, सरकार करे पहल : अरविंद

**छतरपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर सीएम के नाम एसडीओ को सौंपा गया ज्ञापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर को जिला बनाने की मांग अनुमंडल इलाके में तेज हो गयी है। इलाके के नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नावा बाजार, पांडु, लठेया, सुल्तानी के लोगों में जिला बनाने को लेकर गजब का उत्साह है। इसे लेकर छतरपुर इलाके के युवा भी काफी सक्रिय हैं। अनुमंडल स्तर पर जिला बनाने के अभियान को गति देने के लिए छतरपुर को जिला बनाओ अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान के संस्थापक अरविंद गुप्ता चुनमून ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि अनुमंडल गठन के तीन दशक बाद छतरपुर को अहर्ता पूर्ण करने पर जिला बनाने की हमारी जायज मांग है। हमारी मांग है कि राज्य सरकार सभी अहर्तायें पूरी करने वाले छतरपुर अनुमंडल को अलग जिला बनाए। छतरपुर को जिला बनने से हरिहरगंज, सुल्तानी, नौडिहा बाजार, सरैडीह, डगरा, पिपरा, लठेया, पांडू, नावा बाजार, सरैडीह, हुसैनाबाद के लोगों की परेशानी कम हो जाएगी। काम भी आसान हो जाएगा। लोग अपने महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अनुमंडल मुख्यालय से 50 किमी की दूरी होने के कारण मेदिनीनगर जाने से काफी परेशान हो जाते हैं। बताते चलें कि इलाके के सभी प्रखण्ड के केंद्रबिंदु में छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय है। यहां से गुजरने वाले फोरलेन हाइवे इसके महत्व को और भी बढ़ाता है। ट्रांसपोर्टिंग और जनसंख्या की दृष्टिकोण से भी छतरपुर का इलाका जिला बनने को लेकर महत्वपूर्ण हो जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर राज्य सरकार ने छतरपुर को जिला बनाने की पहल नहीं कि तो इलाके के लोग अनिश्चतकालीन आंदोलन को विवश हो जाएंगे। अरविंद गुप्ता ने कहा कि छतरपुर का जिला बनना उसका बुनियादी अधिकार है और हम इसे किसी भी कीमत पर लेकर रहेंगे। सरकार को जिला बनाने की पहल करनी चाहिए। वहीं एसडीओ छतरपुर ने जिला बनाने की मांग पर तत्काल पहल करते हुए पलामू डीसी को पत्र लिखा है। मौके पर रिंकू सिंह, धनन्जय यादव, अरविन्द विश्वकर्मा और अमित ठाकुर शामिल थे।



# स्पोर्ट्स

### वोटिंग के बाद तय होगा 2028 में खेल को रखना है या नहीं

## ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर

**एजेंसी**

**मुंबई।** इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आइओसी) ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट को भी शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। आइओसी ने शुक्रवार को मुंबई में अपनी एग्जीक्यूटिव बोर्ड मीटिंग में यह निर्णय लिया। आइओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा कि अधिकारियों ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक आयोजकों के क्रिकेट को पांच नए खेलों में से एक में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन सभी नए खेलों को 2028 खेलों में शामिल करने के फैसले से पहले आइओसी सदस्य वोटिंग करेंगे, जो शनिवार से 16 अक्टूबर तक मुंबई में होगी। पांच खेलों में बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश और लैक्रोस के साथ क्रिकेट के टी-20 फॉर्मेट को चुना गया है।

**भारत की वजह से शामिल हो रहा क्रिकेट:** कुछ दिन पहले ब्रिटिश अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि हमने जुलाई में ही बता दिया था कि लॉस एंजिलिस ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट की एंट्री बिल्कुल तय है। इसकी वजह यह है कि ओलिंपिक कमेटी भारत की करीब 1.5 अरब आबादी और यहां के फाइनेंशियल रिसोर्सेज को अनदेखा करने की हालत में नहीं है। हालांकि, लॉस एंजिलिस कमेटी और आइओसी के बीच बातचीत में कई बार दिक्कतें भी आईं। इस रिपोर्ट के मुताबिक- भारत में अभी ओलिंपिक ब्रॉडकास्टिंग राइट्स इंडिविजुअल गेम्स पर बेस्ड हैं और इनकी मार्केट वैल्यू तकरीबन 20 लाख डॉलर है। यह आंकड़ा पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिहाज से तय किया गया है। हालांकि, मार्केट एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर भारत के क्रिकेट मैचों को शुमार कर लिया जाए तो यह आंकड़ा आसानी से कई गुना ज्यादा हो सकता है।

**कॉमनवेल्थ में दो बार खेला गया क्रिकेट :** क्रिकेट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी दो बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है। वहीं एशियन गेम्स में 2010, 2014 और 2023 में तीन बार क्रिकेट को जगह मिली।

# डीसी के जनता दरबार में कजरू कला उच्च विद्यालय के शिक्षकों की शिकायत

## 300 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन सौंपा

**शिक्षकों की लापरवाही और संवेदनहीनता पर संज्ञान ले।**

**शिक्षक छात्रों को ठीक से पढ़ा नहीं रहे हैं**

**मास्टर साहब स्कूल में दिन भर मोबाइल देखते हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** ग्राम कजरू कला, थाना पांडू, जिला पलामू स्थित उच्च विद्यालय कजरू कला के शिक्षकों की शिकायतें लगातार आ रही हैं। अभिभावक परेशान हैं। अभिभावक और ग्रामीणों ने डीसी के जनता दरबार में इसकी शिकायत की। ग्रामीणों ने डीसी से गुहार लगाया कि शिक्षकों की लापरवाही और संवेदनहीनता पर संज्ञान ले। क्षेत्र के गरीब बच्चों की भविष्य का सवाल है। इसके लिये पलामू डीसी को 300 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर के साथ आवेदन सौंपा है। जिसमें उनसे विधि संवत समाधान करने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक छात्रों को ठीक से पढ़ा नहीं रहे हैं। शिक्षक स्कूल आते हैं, पान खाते हैं, दुकान में चाय पीते हैं और छात्र घर भाग जाते है, लेकिन मास्टर साहब को इससे कोई लेना देना नहीं है। शिक्षकों का काम छात्रों को पढ़ाना होता है। लेकिन छात्र स्कूल आता है, सिर्फ खेलता है, लेकिन मास्टर साहब का ध्यान नहीं है कि बच्चों को पढ़ाना भी है। मास्टर साहब स्कूल आते हैं मोबाइल देखते हैं, पेपर पढ़ते हैं। बच्चा लोग चौथी-पांचवी में चला गया है, लेकिन उन्हें ठीक से किताब भी पढ़ने नहीं आता। इस विषय को लेकर अभिभावकों ने शिक्षक से बार-बार अनुरोध किया कि आप लोग छात्रों को ठीक से पढायें, लेकिन उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगती है।

**महत्वपूर्ण न्यूज़**

## भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं का विधायक बिरंची नारायण ने किया स्वागत



बोकारो (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की विगत दिनों हुई संकल्प सभा के दौरान बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस, राजद और झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं का शुक्रवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने अपने आवास पर स्वागत व अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि इन सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं के पार्टी में शामिल होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की कई योजनाएं धरातल पर उतर कर जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुंचा रही है। वहीं, विभिन्न पार्टियों से भाजपा में आए नेताओं ने बदल रही बोकारो की तस्वीर का श्रेय विधायक बिरंची नारायण को दिया। कहा कि विधायक की नई सोच का परिणाम है कि बोकारो बदल रहा है। बोकारो की आज राज्य के अव्वल विधानसभा क्षेत्र में गिनती होती हैं। इस अवसर पर मंतोष पाठक पूर्व पार्षद, अरुण वरन सिन्हा, भवतारण झा, संजय सिंह, रणविजय सिंह, आदिल फिरदौश, विदेश गोप प्रदेश महासचिव यादव महासभा, किशुन गोप पूर्व वार्ड पार्षद, शंकर दयाल महतो, सुमित दास कांग्रेस, काली दास तिवारी, विनोद कुमार, प्रदेश सचिव जदयू सुरेश बुधिया आदि के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। मौके पर मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, संजय त्यागी, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेन्द्रराय, केके बोराल, टिंकू तापड़िया, पन्नालाल कान्दू, सनातन सिंह, ब्रज दूबे आदि मौजूद रहे।

## मदरसा अल जामेअतुल कादरिया अजीजूल उलूम के दो छात्र बने हाफिज-ए-कुरआन, हुए सम्मानित



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मजार शरीफ के समीप स्थित मदरसा अल जामेअतुल कादरिया अजीजूल उलूम हाल में शुक्रवार को सादे समारोह में मदरसा के दो छात्र मो गुलाम रसुल और मो साजिद अंसारी को हाफिज ए कुरआन बनने पर सम्मानित किया गया। लोयाबाद चेंबर के अध्यक्ष राज कुमार महतो, मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद व महामंत्री मो असलम मंसूरी ने दोनों छात्रों को माला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया। मदरसा के मोहतमिम हाफिज गुलाम रजा की निगरानी में दोनों छात्रों ने मुकम्मल कुरआन हिफ्ज (कंठस्थ) किया। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि यहां पर संचालित मदरसा में गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है जो पुण्य का काम है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज और देश का विकास कर सकता है। कमेटी के अध्यक्ष और महामंत्री ने कहा कि इस मदरसा में बेहतर शिक्षा दी जा रही है। कई और तरह की शिक्षा देने की व्यवस्था की जा रही है। मदरसा कमेटी के सचिव खुर्शीद अकरम ने बताया कि तीन छात्र इससे पहले हाफिज ए कुरआन बन चुके हैं। 29 अक्टूबर को आयोजित जलसा में इन पांचों छात्रों की दस्तारबंदी (सर्टीफिकेट) दी जाएगी। मौके पर मदरसा कमेटी के अध्यक्ष नईमउद्दीन अयूबी, गुलाम जिलानी व मो जहांगीर आदि थे।

## बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय के इडीपी विभाग में लगी आग की प्रबंधन ने शुरू की जांच

धनसार (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय विकास भवन के ईडीपी विभाग में आग लगने की घटना की जांच में शुक्रवार को प्रबंधन जुटा रहा। आग लगने से क्षेत्रीय कार्यालय का इंटरनेट सिस्टम बंद हो गया है। जबकि कार्यालय में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके बाद कामकाज शुरू हो सका। बताते चलें कि इडीपी विभाग में लगे इंटरनेट सिस्टम प्रणाली के हिस्से में गुरुवार की शाम आग लग गई थी। प्रबंधन ने फिलहाल ईडीपी विभाग को बंद कर दिया है। इस संबंध में बस्ताकोला क्षेत्र के एपीएम नागेंद्र यादव ने बताया कि आग लगने से हुए आर्थिक नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। शनिवार तक पूरी तरह कार्यालय का कामकाज सामान्य हो जाएगा।

## बबलू निरसा प्रखंड और सोनू खान बने चिरकुंडा नगर अध्यक्ष



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल युवा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा ने शुक्रवार को बबलू शर्मा को निरसा प्रखंड अध्यक्ष और चिरकुण्डा मो सोनू खान को चिरकुंडा नगर अध्यक्ष के पद पर मोनीति किया। इससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी है। कार्यकर्ताओं ने दोनों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में दोनों अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में युवा राजद के संगठित संरचना का विस्तार किया जाएगा। निरसा विधानसभा में राजद एक मजबूत पार्टी बनकर उभरेगी। मौके पर राजद नेत्री सुनिता सिंह, युवा राजद के एग्यारकुंड प्रखण्ड अध्यक्ष फाल्गुनी कुमार उर्फ बुमा महतो, दिपक सिंह, मो फरहान खान, लालू शर्मा, मो फिरोज खान, राजन शर्मा, मो जैनी खान, राजा खान, विक्रांत मिश्रा, रघु गोराई, मोना दा, जगदीश गोराई, नवाब सिद्धकी, विक्की रवानी आदि मौजूद थे।

### मंत्री ने किया नावाडीह सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

# सार्वजनिक कार्य में सभी की सहभागिता जरूरी: बेबी देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नावाडीह/बेरमो।** झारखंड की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने नावाडीह सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ पूजा व पहली कड़ाही ढोकर किया। बतातें चलें कि मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य में पूजा समिति को मंत्री बेबी देवी एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा निजी कोष से सीमेंट उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर दुर्गा मंदिर समिति के सदस्यों ने मंत्री सहित अन्य अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं, मंत्री बेबी देवी ने कहा कि सार्वजनिक कार्य में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। इस कार्य से मंदिर की सुंदरता में चार चांद लग जायेगी। माता रानी से राज्य की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान समिति के लोगों ने मंत्री जी से मंदिर परिसर में सेड बनवाने की मांग की। इस पर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि बहुत जल्द ही इस कार्य को पूरा करूंगी। मौके पर नावाडीह प्रमुख पूनम देवी, आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ महतो, पूजा कमेटी के अध्यक्ष सह थाना प्रभारी महावीर पंडित, मुखिया नंदलाल नायक, किरन देवी, जयनाथ महतो, प्रदीप वर्मा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो, पंचायत समिति सदस्य निर्मल महतो, पूर्व मुखिया रणविजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो, सोनाराम हेंब्रम, फुलचंद किस्कू, सोनू चौधरी, बॉबी पटेल, तापेश्वर महतो, प्राचार्य दिनेश प्रसाद, बासुदेव शर्मा, साधु महतो, धानेश्वर ठाकुर, भोला महतो, मनोज बर्नवाल, बुलू महतो, दीपक महतो, टीकू कानू आदि मौजूद थे।



सिर पर मिट्टी की कड़ाही ढोकर निर्माण कार्य का शुभारंभ करती मंत्री बेबी देवी।

## विनोद बिहारी मेमोरियल अस्पताल का धनबाद की जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** तेतुलमारी स्थित विनोद बिहारी जनरल अस्पताल में शुक्रवार को शहीद शक्तिनाथ स्मारक समिति के अध्यक्ष शिव प्रसाद महतो और अंजना देवी की ओर से मरीजों के बीच वस्त्र और फल का वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद जिला परिषद् अध्यक्ष शारदा सिंह भी शामिल हुई। सभी मरीजों के बीच वस्त्र, फल एवं भोजन आदि सामग्री वितरण कर मरीजों से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी लेने के बाद शहीद शक्तिनाथ स्मारक समिति के सदस्यों के साथ अस्पताल का निरीक्षण भी किया। धनबाद जिप अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस अस्पताल में सुचारू रूप से सभी का इलाज होगा एवं डॉक्टर नियमित रूप से बैठेंगे। मेरा यह प्रयास रहेगा की इस अस्पताल से यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मौके पर अंजना देवी, जिप सदस्य आरती देवी और जिप सदस्य प्रतिनिधि जीतेश रजवार आदि उपस्थित थे।



## डीसी ट्रेन का पुन: परिचालन को लेकर विजय झा और जलेश्वर पर अफवाह फैलाने का आरोप

**कतरास (आजाद सिपाही)** भाजपा ने पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा और पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो आदि पर डीसी ट्रेन के पुनः परिचालन को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। कहा कि रेलवे बोर्ड से अब तक इस बाबत कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। शुक्रवार को कतरास स्थित भाजपा कार्यालय में महेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान भाजपा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बच्चू रॉय ने कहा कि 17 जून 2017 को धनबाद-चंद्रपुरा रुट को अग्नि प्रभावित क्षेत्र घोषित कर एक साथ 26 जोड़ी ट्रेनों को बंद कर दिया गया था। गिरिडीह सांसद और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के अथक प्रयास से पुनः इस रूट पर बंद सभी ट्रेनों का आवगमन शुरू हुआ। फिर विजय झा और जलेश्वर महतो न ही किसी रेलवे बोर्ड के सदस्य हैं ना ही कोई चयनित जनप्रतिनिधि है। उन्हें जनता को गुमराह करने का कोई अधिकार नहीं है। मौके पर महेश पासवान, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बच्चू राय, मुकेश झा, राकेश सिंह, भारत शर्मा आदि थे।

### चेतावनी : उचित मुआवजा और अधिकार नहीं मिला तो 3 नवंबर को तोड़ दी जायेगी बाउंड्री वाल

# अपनी जमीन देकर विकास का भागीदार बननेवाले रैयत विस्थापित ही अपने अधिकार-मुआवजा से वंचित : ललित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से बोकारो के विस्थापित रैयत एवं झारखंडी युवा अपने पूरे परिवार बाल बच्चों के साथ पारंपरिक हथियार लेकर बिरसा चौक से प्रशासनिक भवन एडीयम होते हुए सेक्टर चार स्थित गांधी चौक तक पैदल मार्च किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट यहां के विस्थापितों की देन है। विस्थापित अपनी जमीन देकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिये हैं, लेकिन आज विस्थापित अपनी जमीन का मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार और नियोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके वंशज बेरोजगारी, भुखमरी और लाचारी का दंश झेलने के कारण रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर है। जिसका सबसे बड़ा दोषी बोकारो प्रबंधन है। अगर विस्थापितों के पास आज अपनी जमीन होती तो वह खेती करके भी अपना जीविकोपार्जन कर लेते। लेकिन बोकारो स्टील प्लांट को जमीन देने के बावजूद विस्थापित अपने हक अधिकार से वंचित है। बोकारो प्रबंधन द्वारा विकास के नाम पर प्लांट के विस्तारीकरण की बात होती है, लेकिन जिसने आज बोकारो को बसाने में अपना योगदान दिया उस विस्थापितों के विकास की चर्चा कभी नहीं की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन रैयतों की जमीन का ना ही अधिग्रहण हुआ और ना ही मुआवजा मिला। उस जमीन को बीएसएल ने बाउंड्री कर लिया और जो लिखित समझौता प्रशासन के साथ हुआ वह भी आज तक पूरा नहीं किया। ना ही प्रशासन की ओर से इसका अनुपालन हुआ। जिस कारण विस्थापित आरपार की लड़ाई लड़ने को मजबूर है। उत्तरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विस्तारीकरण या उद्योग धंधा तब तक लगाने नहीं दिया जाएगा जब तक विस्थापितों को पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाता है। मोर्चा की ओर से तीन नवंबर को उत्तरी क्षेत्र बगलता में अनपेमेंट जमीन 09 किलोमीटर बाउंड्री वॉल निर्माण किया गया है उस जमीन को रैयत पूरे परिवार बाल बच्चा पारंपरिक हथियार के साथ एक-एक ईंट निकलेंगे और तोड़ेंगे। उस जमीन पर जो केनाल गेट गेट का निर्माण किया गया है उसे हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा। इस मौके पर विदेशी महतो, सहदेव महतो, हबुलाल गोराई, संतोष सिंह, खिरोधर महतो, राजदेव महथा, खगेंद्र वर्मा, लालमोहन अंसारी, सचिन कुमार, विजय कुमार, सुनील कुमार, लखन महली, उपेंद्र महली, संतोष महली, सुबोध कुमार, उमेश महतो, नरेंद्र कुमार, शंकर महतो, मांझु महतो, सुभाष कुमार, सूरज कुमार, राजेंद्र महतो, अविनाश कुमार, मदन महतो, बालेश्वर कुमार, अजय कुमार, छोटा बाबू, विराज कुमार, बैजनाथ महतो, दिलीप कुमार, आनंद महतो, संतोष कुमार, इंद्रदेव सोरेन और चंद्रगुप्त महतो आदि उपस्थित थे।



## रहावन के नये थाना प्रभारी का झामुमो ने किया स्वागत

ललपनिया (आजाद सिपाही)। झामुमो पचमो पंचायत के सक्रिय सदस्यों ने रहावन ओपी में नव पदस्थापित प्रभारी सुनील कुमार का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान झामुमो सदस्यों ने अपना-अपना परिचय भी दिया। वहीं, नव पदस्थापित ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए कहा कि रहावन ओपी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। इसके अलावा छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं चोरी, डकैती और लूट आदि पर नकेल कसा जायेगा। थाना में आनेवाले लोगों की समस्याओं को निष्पक्ष होकर सहयोग किया जायेगा। साथ ही आपसी सहयोग से पुलिस और पब्लिक के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि थानाक्षेत्र के अंदर किसी भी असमाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अवैध धंधेबाज अपना धंधा बदल लें, अन्यथा पुलिस उनपर नकेल कस देगी। मौके पर राजकुमार साव, अशोक महतो, जीवन रजवार, ईश्वर दयाल आदि थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

आवश्यक सूचना

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा ई०–निविदा आमंत्रण सं०– 06/2023–24, दिनांक– 05.10.2023, जिसका पी०आर० संख्या– **308437 Rural Work Department (23-24)_D** द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 309066 Rural Work Department(23-24)D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी

सार्वजनिक सूचना
जेएसएलपीएस के ब्रांड नाम एवं प्रतीक चिन्ह (Logo) हेतु सुझाव आमंत्रित

जोहार !

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार अंतर्गत झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) का गठन वर्ष 2009 में किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य भर में ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के विभिन्न माध्यम तैयार कर उन्हें जोड़ना व ग्रामीण परिवारों की महिलाओं के जीविका संवर्धन द्वारा गरीबी से उपर उठाना व आत्मनिर्भर बनाना है।

जेएसएलपीएस द्वारा राज्यभर में 2.86 लाख सखी मण्डल (12–15 महिलाओं का समूह) का गठन कर लगभग 33 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को संगठित किया गया है। जेएसएलपीएस द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

जेएसएलपीएस के लिए एक ब्रांड नाम एवं प्रतीक चिन्ह (Logo) के निर्माण का निर्णय लिया गया है जो ग्रामीण महिलाओं के समूहों द्वारा जीविका संवर्धन व इसके गरीबी उन्मूलन के उद्देश्य व हमारी समृद्ध संस्कृति, विरासत और महिला सशक्तिकरण का प्रतिबिंब हो।

आपके सुझाव और डिजाईन हमारे संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**क्या और कैसा हो जेएसएलपीएस का ब्रांड नाम और प्रतीक चिन्ह (Logo) ?**
**इस पर आप अपने सुझाव निम्नानुसार हमें भेज सकते हैं।**

नाम (संस्था का नया ब्रांड नाम) :
प्रतीक चिन्ह डिजाईन (Logo):
भेजने वाले का नाम:........................................
नाम पता:........................................
फोन:........................................
ईमेल:........................................
भेजने की अंतिम तिथि : 15 नवंबर, 2023
हमें ईमेल करें: jslps-rebrand@gmail-com

प्राप्त इंट्री/सुझावों में से राज्य स्तरीय समिति द्वारा चयन का निर्णय लिया जाएगा। प्रतीक चिन्ह (Logo) डिजाइन और ब्रांड नाम सुझाव के लिए चयनित ब्रांड नाम व प्रतीक चिन्ह को अलग–अलग 10,000 रुपये का प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

धन्यवाद।

ह0/–
मुख्य परिचालन पदाधिकारी
जेएसएलपीएस

PR 309094 Jharkhand State Livelihood Promotion Society (23-24)_D

प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 1511/भू0अ0, रामगढ़ — दिनांक 07/10/2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा मतकमा, थाना नं0 49, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2 पर)–पाली–सांकी–चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा मतकमा, थाना नं0 49, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0. **3808** एकड़ यानि 0. 15410 हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 30 | 58 | रैयती | टांड़–I | 0.0610 | रत्नेश प्रसाद वगै0, पिता भीम सिंह साकिन–ग्लास फैक्ट्री भदानीनगर | प्लॉट नं0 56 | प्लॉट नं0 59 | प्लॉट नं0 57 | भुरकुण्डा |
| 2 | 11 | 57 | रैयती | टांड़–III | 0.0343 | परना मुण्डा, साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 54 | प्लॉट नं0 62 | प्लॉट नं0 71 | प्लॉट नं0 59 |
| 3 | 16 | 70 | रैयती | टांड़–III | 0.0074 | हरचरन महतो, साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 71 | प्लॉट नं0 69 | प्लॉट नं0 69 | प्लॉट नं0 57 |
| 4 | 30 | 69 | रैयती | टांड़–I | 0.0647 | द्वारिका प्रसाद यादव, सुरेन्द्र यादव, योगेन्द्रर यादव, खेमन यादव, लक्ष्मण यादव, रामचन्द्र साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 71 | प्लॉट नं0 66 | प्लॉट नं0 78 | प्लॉट नं0 57 |
| 5 | 30 | 67 | रैयती | टांड़–I | 0.0210 | योगेन्द्र यादव वगै0, साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 69 | प्लॉट नं0 68 | प्लॉट नं0 80 | प्लॉट नं0 66 |
| 6 | 29 | 68 | रैयती | टांड़–I | 0.0059 | जोगी बेदिया, साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 78 | प्लॉट नं0 77 | प्लॉट नं0 79 | प्लॉट नं0 57 |
| 7 | 09 | 77 | रैयती | टांड़–I | 0.1208 | बलादास मुण्डा, साकिन–मतकमा। | प्लॉट नं0 75 | प्लॉट नं0 83 | प्लॉट नं0 32 | प्लॉट नं0 78 |
| 8 | 09 | 79 | रैयती | टांड़–I | 0.0341 | 1. बलादास मुण्डा, साकिन–मतकमा 2. रामजी मुण्डा, साकिन–मतकमा | प्लॉट नं0 78 | प्लॉट नं0 88 | प्लॉट नं0 77 | प्लॉट नं0 68 |
| 9 | 30 | 80 | रैयती | टांड़–I | 0.0069 | रामजी मुण्डा, साकिन–मतकमा | प्लॉट नं0 79 | प्लॉट नं0 82 | प्लॉट नं0 86 | प्लॉट नं0 69 |
| 10 | 03 | 86 | रैयती | टांड़–III | 0.0072 | रामजी मुण्डा, साकिन–मतकमा | प्लॉट नं0 77 | प्लॉट नं0 84 | प्लॉट नं0 87 | प्लॉट नं0 79 |
| 11 | 03 | 87 | रैयती | टांड़–III | 0.0175 | रामजी मुण्डा, साकिन–मतकमा | प्लॉट नं0 77 | प्लॉट नं0 88 | प्लॉट नं0 32 | प्लॉट नं0 84 |
| कुल रकवा | | | | | 0.3808 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। | ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। | ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। | ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

**PR 309107 Land Reforms(23-24)D**

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

## न्यूज रील्स

### भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप आज

अहमदाबाद। भारत-पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप का मकाबला आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोपहर 2 बजे से होगा। दोनों टीमें अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं। मैच से पहले म्यूजिकल इवेंट होगा। टॉस से 1 घंटे पहले 12.30 बजे से बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन, अरिजीत सिंह और सुखविंदर सिंह परफॉर्म करेंगे। उधर, खालिस्तानी आतंकियों की धमकी के बाद टीम इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था करीब 4 गुना बढ़ा दी गयी है।

### पेट्रोल और डीजल हो सकता है महंगा

नयी दिल्ली। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल जारी है। ऐसे में किसी भी समय पेट्रोल और डीजल महंगा होने की खबर आ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 2.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 85.34 डॉलर प्रति बैरल और लंदन ब्रेंट क्रूड 2.80 प्रतिशत उछलकर 88.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हम तीन चुनौतियों उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता से निपट रहे हैं।

### सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा कि कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों।

### पाक जाने की फिराक में 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार

अमृतसर। पाकिस्तान जाने की फिराक में बैठे 11 बांग्लादेशी नागरिकों को बीएसएफ के जवानों ने अटारी बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अटारी बॉर्डर पर बनी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की ऊंची दीवार फांद चुके थे और बीएसएफ की नजर से बचने व सही समय की तलाश में छिपे हुए थे। इन 11 लोगों में 3 महिलाएं और 3 बच्चे हैं।

### भारत ने 212 लोगों को एयरलिफ्ट किया

नयी दिल्ली। इस्त्राइल-हमास जंग के बीच भारत सरकार ने इस्त्राइल में फंसे अपने नागरिकों को एयरलिफ्ट करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार सुबह 212 भारतीय नागरिकों को लेकर एअर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली पहुंची। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने स्वागत किया। इस्त्राइल में करीब 18 हजार भारतीय रहते हैं।

### ज्ञानवापी मस्जिद: सुप्रीम कोर्ट में 16 को होगी सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सील किये गये वजूखाने को खोले जाने व कथित शिवलिंग का भी सर्वे कराने के साथ श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा से जुड़ी याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। समय की कमी की वजह से मुस्लिम पक्ष के वकील ने मामले की सुनवाई टालने की मांग की। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 16 अक्टूबर की तारीख दी।

---

### मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, दिये कई अहम निर्देश

# पर्व-त्योहार में कही हिंसा या उपद्रव नहीं हो : हेमंत

## सूचना तंत्र मजबूत रखें, कोई जानकारी मिलने पर तुरंत एक्शन लें

- सुरक्षा, साफ-सफाई, बिजली-पानी, यातायात और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश
- सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश
- पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाके में अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें
- इको -फ्रेंडली पूजा मनाने के लिए करें प्रोत्साहित
- पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की हो पहल




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करें। इस क्रम में सारी प्रशासनिक तैयारियां समय पर हो जानी चाहिए, ताकि पर्व त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी की गुंजाइश नहीं रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में में शुक्रवार को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि - व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पर्व- त्योहार के दौरान सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ उन्हें कई अहम निर्देश दिये।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा से राज्य सरकार की छवि पर असर होता है। ऐसे में ऐसी घटनाएं नहीं हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें ताकि किसी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होने पर तुरंत एक्शन लिया जा सके।

**संवेदनशील इलाके में विशेष सतर्कता बरतें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं नहीं हो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें।

**किसी भी कीमत पर बत्ती गुल नहीं होनी चाहिए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान कई बार पावर कट की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त हो जानी चाहिए। उन्होंने जिलों के उपायुक्त से कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें, ताकि किसी कारण से पावर कट होता है, तो हाई मास्ट लाइट को तुरंत चालू किया जा सके। बेहतर होगा कि इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था रखें।

**सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल होने चाहिए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण और बड़े पूजा पंडालों और विसर्जन जुलूस मार्ग में सभी सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल होनी चाहिए ताकि यहां की गतिविधियों की सतत निगरानी हो सके। इसके साथ पूजा पंडालों में जवानों की 24 घंटे तैनाती रहनी चाहिए। विसर्जन जुलूस मार्ग के संवेदनशील इलाकों में स्टैटिक फोर्स और सभी पूजा समिति के साथ मोबाइल फोर्स होनी चाहिए।

**सड़कों के किनारे ईंट-पत्थर नहीं हों :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विसर्जन जुलूस मार्ग में कहीं भी ईंट पत्थर जमा नहीं रहना चाहिए। अगर कहीं ईंट- पत्थर गिरा हो तो उसे अविलम्ब हटाने की पहल करें। डिवाइडर में लगे लोहे के तार भी दुरुस्त कर लिए जाएं, ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी इस वजह से नहीं हो।

**इको-फ्रेंडली पूजा मनायें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे विभिन्न पूजा समितियां को इको फ्रेंडली पूजा आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करें। इसके लिए आप पूजा समितियों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े और उन्हें पूजा के दौरान प्रदूषण नहीं हो, इसके लिए जागरूक करें। आप यह भी योजना बनाएं कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जो पूजा समिति सरकार के गाइडलाइन का पालन करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पूजा समितियां के बीच अच्छा मैसेज जाएगा और आने वाले वर्षों में इसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

**सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें :** मुख्यमंत्री अधिकारियों से कहा कि पर्व- त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें।

**पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों- तालाबों और अन्य जलाशय को स्वच्छ रखना आज बहुत बड़ी चुनौती है। नदियों का प्रदूषण स्तर बढ़ना काफी खतरनाक है। ऐसे में पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की पहल करें और इसके लिए सभी पूजा समितियां से सहमति बनाने का प्रयास करें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीजी फायर सर्विसेज अनिल पाल्टा, डीजी सीआइडी अनुराग गुप्ता, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबु बकर सिद्दीक, एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, आइजी ऑपरेशन होमकर अमोल विणुकान्त, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार और आइजी सीआइडी असीम विक्रांत मिंज आदि मौजूद थे।

---

# बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के कुलपति प्रो सुखदेव भोई पदमुक्त

## भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से पदमुक्त करने का आदेश दिया है।

राजभवन से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार प्रो सुखदेव भोई के विरुद्ध विभिन्न स्तरों से कई गंभीर शिकायतें कुलाधिपति कार्यालय को प्राप्त हुईं, जिस पर राज भवन की ओर से जांच का आदेश दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आरोपों की जांच के लिए एक टीम गठित की गयी। राज्यपाल के निर्देश के बाद टीम की ओर से गहन जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति की ओर से प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता बरतने की कई गंभीर शिकायतों की पुष्टि की गयी।

समीक्षा के बाद कुलपति का आचरण और कृत्य विश्वविद्यालय के हित में नहीं पाया गया। इसके राज्यपाल ने प्रो सुखदेव भोई को कुलपति पद की गरिमा के विरुद्ध कार्य करने के लिए पदमुक्त करने का आदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार क्षम्य नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

DAS MUSICAL STORE
All Musical Instrument available here
Main Road, Ranchi Ph. : 0651-2201778
Mob. : 9835164815

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पर अमर्यादित बयान से भड़का भाजयुमो

# ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा को पदमुक्त करें सीएम : किसलय तिवारी

- चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी, सभी जिलों में पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के एमडी द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पर अमर्यादित बयान की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा युवा मोर्चा ने उनके खिलाफ पूरे प्रदेश में आंदोलन की घोषणा की है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता हुई। इसमें भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में चल रही वर्तमान सरकार के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी प्रवक्ता बन बैठे हैं। जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश के मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को ऊर्जा विभाग में चल रहे टेंडर घोटाला की ओर ध्यान आकृष्ट कर जांच कराने के लिए पत्र लिखते हैं, तो दूसरी ओर ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नये प्रवक्ता बन बैठते हैं और अपनी करतूत पर पर्दा डालने के लिए अमर्यादित बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि के-के वर्मा सेवानिवृत्त अधिकारी होने के बाद भी सेवा विस्तार लेकर संचरण निगम के एमडी बने हुए हैं, परंतु पूरा झारखंड जान रहा है कि केके वर्मा वसूली कंपनी के एमडी बने हुए हैं। कहा कि यह जान कर आश्चर्य हो रहा है कि संचरण निगम का एमडी सेवानिवृत्त अधिकारी नहीं बन सकता है, परंतु इन्हें बनाने के लिए नियम में बदलाव किया गया। साथ ही इन्हें जरेडा और ऊर्जा वितरण निगम का भी डायरेक्टर बना कर रखा गया है। दूसरी ओर विभाग में समान एवं निजी कंपनियों से बिजली खरीद के लिए जीएम स्तर के अधिकारी होते हैं, परंतु अब यह काम सिंडिकेट के जूनियर स्तर के अधिकारी के माध्यम से कराया जा रहा है, जबकि विभाग में जीएम स्तर के अधिकारी भरे पड़े हैं। कहा कि केके वर्मा का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त होनेवाला है। वह सोच रहे हैं कि बाबूलाल मरांडी के खिलाफ बोलने से एक बार फिर सेवा विस्तार मिल जायेगा और हम अपनी करतूत भी छुपा लेंगे। भाजयुमो सरकार से मांग कर रही है कि इन्हें अविलंब



संचरण निगम के एमडी पद से मुक्त किया जाये और उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच करायी जाये। इन्हें पद से मुक्त करने तक हम चरणबद्ध आंदोलन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब से वर्तमान सरकार सत्ता में आयी है, राज्य की जनता गंभीर बिजली संकट झेल रही है। रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग इत्यादि बड़े शहरों में भी घंटों बिजली नहीं रह रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऊर्जा विभाग में उच्चतम स्तर तक लूट मची हुई है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कई अन्य विषय पर राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को कई पत्र लिखा, लेकिन आज तक किसी का कोई उत्तर नहीं आया, एक सामान्य शिष्टाचार में पत्र प्राप्ति की सूचना भी नहीं दी जाती। कहा कि ऊर्जा विभाग में सिर्फ निविदा लूट का खेल मचा हुआ। बिना झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अनुमोदन के निविदा निकाली जा रही है, कार्य का आवंटन हो रहा है। जो पावर परचेज एग्रीमेंट का पत्र लगाया है, उसका अप्रूवल एक अलग प्रक्रिया है। पावर परचेज एग्रीमेंट का मतलब है कि उस प्लांट से जो बिजली का उत्पादन होगा, उसमे झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का हिस्सा पीपीए के अनुसार होगा। वैसे ही एनटीपीसी के द्वारा जो पावर प्लांट नार्थ कर्णपुरा में लगाया गया है, उसमें 25 प्रतिशत बिजली जेवीबीएनएल के पीपीए में है। इसका मतलब ये नहीं है कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड इवैक्यूएशन सिस्टम बनायेगा। कहा कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड को सिर्फ उसी सिस्टम को बनाना है, जितनी बिजली की आवश्यकता जेबीवीएमएल को है। 400 केवी का एवं अन्य ग्रिड सब स्टेशन तथा ट्रांसमिशन लाइन बनाने की अनुमति जेएसइआरसी के द्वारा नहीं दिया गया है। कहा कि यह योजना जब बनी थी, उस समय यह उम्मीद की गयी थी कि 2021-2022 में 5630 मेगावाट बिजली की जरूरत जेबीवीएनएल को होगी, परंतु वर्तमान में मैक्सिमम लोड 2600 मेगावाट ही है, इसलिए सिर्फ पीपीए का मतलब यह नहीं है कि उसके लिए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगा। पॉवर इवैक्यूएशन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की ज़िम्मेवारी पॉवर प्लांट की होती है, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड की नहीं। क्योंकि लोड ग्रोथ का जो अनुमान था, उतना लोड ग्रोथ अभी तक भी नहीं हुआ है। इसलिए इस इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं है। इसी कारण से जेएसइआरसी ने जेएसयूएनएल द्वारा दी गयी स्कीम को खारिज किया है। कहा कि अगर पूर्व में जेएसइआरसी की अनुमति प्राप्त थी, तो पुनः ये प्रस्ताव क्यों भेजा गया? अब क्यो उसको पारित कराने की कोशिश की जा रही है? प्रेसवार्ता में युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, प्रदेश मंत्री पवन पासवान भी उपस्थित रहे।

---

# अब से सभी को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा : चेतन सोलंकी

- किट में सबसे बड़ी जलवायु ब्लॉक असेंबली का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्कूल और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के सहयोग आयोजित सबसे बड़ी जलवायु ब्लॉक असेंबली में भाग लेते हुए आइआइटी बॉम्बे के प्रोफेसर और एनर्जी स्वराज के संस्थापक, प्रसिद्ध पर्यावरणविद प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने कहा कि अगर दुनिया के लोग ऊर्जा संरक्षण और उपयोग के बारे में शिक्षित नहीं हैं, तो भविष्य की स्थिति असंभव होगी। प्रोफेसर सोलंकी ने पारंपरिक ऊर्जा और कार्बन आधारित ऊर्जा के उपयोग से बचने के लिए सौर ऊर्जा के तीन विकल्पों पर जोर दिया। वह है, पारंपरिक ऊर्जा और कार्बन आधारित ऊर्जा से दूर रहना, कम ऊर्जा का उपयोग करना, ऊर्जा संरक्षण और उचित उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पादन। उन्होंने कहा कि अब देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए।

आयोजित इस कार्यक्रम में किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में प्रोफेसर सोलंकी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों से बचने के लिए अभी से कार्य करना चाहिए। इस मौके पर डॉ सामंत के द्वारा हरित प्रयास शुरू हुआ। कार्यक्रम मैं किट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शरणजीत सिंह और कुलसचिव प्रोफेसर ज्ञानरंजन मोहंती ने भाग लिया। इस अवसर पर स्थायी ऊर्जा पहल के रूप में किट और किस में कैसे 50 मिलियन वाट सौर ऊर्जा उत्पन्न की गयी है और सालाना लाखों पेड़ लगाये गये हैं, उस पर जानकारी दी गयी।

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**